हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 27 मई 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान

अधिकतम 44.5 डिग्री

न्यूनतम 31.4 डिग्री



कमिश्नर बंगले से लेकर कलेक्टर बंगले तक फुटपाथ पर किया जा रहा रंगरोगन।

# सवा लाख चिटफंड पीड़ितों के 40 करोड़ डूबे, 90 कंपनियों ने दिया धोखा

- बिलासपुर में करीब सवा लाख तो रायपुर में ढाई लाख लोगों ने आवेदन किया है
- जिले में सबसे अधिक 37 हजार निवेशकों को सांई प्रसाद कंपनी ने चूना लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिस्टम और कानूनी मकड़जाल में फंसकर प्रदेश के 20 लाख और जिले के सवा लाख चिटफंड पीड़ित अपनी राशि की वापसी के इंतजार में हैं। बिलासपुर में ही 40 करोड़ रुपए से अधिक की राशि निवेशकों को दी जानी है। पैसे वापसी के लिए राज्य शासन ने पीड़ितों से आवेदन भी लिया। 5 साल पहेल आवेदनों की छंटनी की गई लेकिन पैसे की वापसी किसी की नहीं हुई। हाल यह है कि आवेदन थानों और तहसील आफिसों में जर्जर हालत में पड़े हैं। कई आवेदन तो फट गए हैं। अब इनसे निवेशकों की राशि कैसे वापस होगी, इस पर सवाल है। इधर पैसे वापसी के इंतजार में प्रदेश भर में 13 मौतें हो गई हैं तो 137 लोगों पर जुर्म दर्ज किया गया है।

बिलासपुर में जिले में 1 लाख 20 हजार 861 निवेशकों ने चिटफंड कंपनियों से रकम पाने के लिए आवेदन किया है। आवेदनों की छंटनी व डाटा एंट्री के बाद यह आंकड़ा सामने आया है। जिले के कोने-कोने से ग्रामीण भारी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचते रहे और उन्होंने लाइन लगाकर आवेदन जमा किया। इस उम्मीद के साथ कि उनकी डूबी हुई रकम वापस मिलेगी। हालांकि यह भी माना जा रहा है कि कई लोगों ने आवेदन ही नहीं किया। सबसे ज्यादा सांई प्रसाद कंपनी ने जिले के 37 हजार निवेशकों को अपने जाल में फंसाया और उनसे करोड़ों रुपए लूट लिए। आवेदनों की छंटनी के बाद उम्मीद थी कि जल्द लोगों को रकम वापस होगी लेकिन ऐसा नहीं हो सका है।



### 90 से अधिक कंपनियों ने दिया धोखा

ज्ञात हो कि वैसे तो जिले में ऐसी 90 चिटफंड कंपनियों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने लोगों से रुपए जमा कराए लेकिन इसमें सबसे ज्यादा लोगों को सांई प्रसाद कंपनी ने अपनी जाल में फंसाया है। ज्यादातर निवेशक खुद को सांई प्रसाद कंपनी से पीड़ित बता रहे हैं। सांई प्रसाद कंपनी के अलावा जीएम ग्रुप ने 26 हजार तो बीएन गोल्ड ने 7 हजार से ज्यादा लोगों से निवेश कराया।

### इनकी हो चुकी है मौत

| मृतक | जिला | कंपनी |
|---|---|---|
| ◆ लुकेश कुमार खूंटे | बिलासपुर | बीएन गोल्ड |
| ◆ जीवराखन वर्मा | रायपुर | पल्स ग्रीन |
| ◆ मन्नू राम पटेल | रायपुर | गरिमा रियल एस्टेट |
| ◆ मनोज वर्मा | रायपुर | साई प्रसाद |
| ◆ लोमेश कुमार साहू | रायपुर | साई प्रसाद |
| ◆ पारस राम सिन्हा | रायपुर | पल्स ग्रीन व रोज वैली |
| ◆ प्राण कुमार पोद्दार | रायपुर | रोज वैली |
| ◆ परमानंद पटेल | महासमुंद | एचबीएन |
| ◆ प्रीतपाल साहू | महासमुंद | माइक्रो फाइनेंस |
| ◆अर्चना मसीह | कोरबा | साई प्रसाद |
| ◆ रूप साय बरेठ | कोरबा | साई प्रसाद |
| ◆ रोशन कुमार वर्मा | बलौदा बाजार | एचबीएन |
| ◆ ईश्वरी लाल साहू | गरियाबंद | एडीबी धनवर्षा |

### दस्तावेज देखकर शुरू किया था काम

सीपत, बिलासपुर के पोड़ी गांव में रहने वाले रामरतन साहू ने 2009 में बिलासपुर में बीएन गोल्ड कंपनी ज्वॉइन किया। कंपनी के पास दिल्ली के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज से जारी दस्तावेज थे। कंपनी ने बिलासपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में भी ब्रांच खोली। बिलासपुर जिले में ही 10 हजार से अधिक एजेंट थे। निवेशकों की संख्या तो लाखों में होगी। निवेश के बाद जब पैसा लौटाने का समय आया तो कंपनी अपने दफ्तर बंद कर भाग गई।

### एक भी निवेशक को पैसे वापस नहीं

सरकार के आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले 15 सालों में अब तक लगभग 15 करोड़ की संपत्ति बेची जा चुकी है। साथ ही चिटफंड कंपनियों के खिलाफ कई तरह के नए कानून बनाए जा चुके हैं परन्तु इससे पीड़ितों को अब तक कोई बड़ा लाभ नहीं हो पाया। कई कंपनी के डायरेक्टर अपना कामकाज छोड़कर यह से जा चुके हैं। हालांकि रायपुर, राजनांदगांव और धमतरी में कुछ चिटफंड कंपनियों की संपत्ति की नीलामी करते हुए राशि वापसी हुई है। इसमें कुल 15 करोड़ रुपए की राशि इन जिलों में निवेशकों को मिली है। बिलासपुर में तो एक भी निवेशक को रकम नहीं मिल सकी है। साथ ही 15 साल में 60 कंपनियों के ही डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया जा सका है।

### प्रापर्टी की नीलामी होगी

मामला कोर्ट में लंबित होने के कारण पैसे लेकर भागने वाली कंपनियों की संपत्ति कुर्क नहीं हो पा रही है। साथ ही चिटफंड कंपनियों के पीड़ितों के पैसे वापस करने के लिए निवेशकों को थाने में एफआईआर करानी होगी। जिन कंपनियों की संपत्तियों की नीलामी की जा चुकी है, उनके लिए अतिरिक्त आवेदन देखने को मिले थे, जिसकी वजह से यह कदम उठाया गया है। इसस यह पता चलेगा कि कितनी कंपनियों ने कितनी कितनी रकम की ठगी की है।

**- संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

## खबर संक्षेप

### एसबीआई की कैश अफसर के खिलाफ चालान पेश

**बिलासपुर।** एसीबी ने करोड़ों रुपए के गबन मामले में गिरफ्तार बिल्हा स्टेट बैंक के कैश ऑफिसर के खिलाफ चालान कोर्ट में पेश किया है। एसीबी डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिल्हा के ब्रांच मैनेजर की लिखित शिकायत पर 19 जनवरी 2026 को धारा 13, 1 ए, 13, 2, पीसी एक्ट 1988 एवं 316, 5, 318, 4, 61, 2, 338, 336, 3, 340, 2, बीएनएस का अपराध तेजवथ थिराप्पतम्मा (29 साल)तत्कालीन कैश आफिसर भारतीय स्टेट बैंक बिल्हा एवं अन्य के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना एसीबी के द्वारा की गई। विवेचना के दौरान आरोपी तेजवथ थिराप्पतम्मा द्वारा पदस्थापना के दौरान 19 दिसंबर 2024 से 2 जनवरी 2025 के मध्य विभिन्न तिथियों पर बैंक के बीजीएल खातों में अनाधिकृत प्रविष्टियां कर बैंक खाता धारकों के खातों का उपयोग कर बैंक के आंतरिक खातों में जाली और झूठी प्रविष्टियां बनाकर 2 करोड़ 6 लाख 37 हजार रुपए को अन्य लोगों के साथ मिलकर आरटीजीएस के माध्यम से थर्ड पार्टियों के खातों में ट्रांसफर किया गया। उक्त रकम को बैंक से संबंधित सेवाओं जैसे भोजन, पेय पदार्थों, संपत्तियों के रख रखाव आदि पर खर्च दिखाया जाकर अपने पद का दुरूपयोग करते हुए गबन करना पाया गया। इस मामले में 26 फरवरी 2026 को आरोपी तेजवथ थिराप्पतम्मा को गिरफ्तार किया गया था। 26 मई को एसीबी के द्वारा आरोपी तेजवथ थिराप्पतम्मा के खिलाफ चालान विशेष न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त प्रकरण के अन्य आरोपियों के विरूद्ध विवेचना जारी है।

### पर्यावरण दिवस पर चित्रकला फैंसी ड्रेस स्पर्धा 5 को

**बिलासपुर।** पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून पर 'जलवायु परिवर्तन' विषय आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, तिलक नगर सभागार में किया जाएगा। डॉ. विवेक तिवारी ने बताया कि यह आयोजन समिति के 22वें वर्ष के रूप में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में पर्यावरण विचार संगोष्ठी, चित्रकला प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, काव्य गोष्ठी एवं राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित होंगे। सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। चित्रकला प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से होगी। इसमें 4–6 वर्ष के बच्चों के लिए रंग भरो, 7–10 वर्ष के बच्चों के लिए वन्य जीवन एवं पर्यावरण संरक्षण तथा 11–16 वर्ष के बच्चों के लिए जल संरक्षण एवं प्लास्टिक प्रदूषण विषय निर्धारित किए गए हैं। ड्राइंग शीट समिति देगी। रंग सामग्री प्रतिभागियों को स्वयं लानी होगी।

# 26 साल में पहली बार कसी कबाड़ियों पर नकेल, अवैध गोदामों पर चला बुलडोजर





**बिलासपुर।** जिले में 49 कबाड़ी दुकानों को सील करेत हुए जांच की गई तो 19 कबाड़ी दुकानों में संदिग्ध सामान पाया गया। दस्तावेजों की जांच करने के बाद मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने वीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले मंसूर बेग सहित तीन कबाड़ी दुकानों के अवैध कब्जा पर बुलडोजर चलाकर ढहा दिया है। कार्रवाई से कबाड़ियों में कोहराम मच गया है।

### चांडीडीह में शासकीय जमीन पर कब्जा कर गोदाम बना लिया

चांटीडीह इरानी मोहल्ला में नानू साहू विगत 10 साल कबाड़ी दुकान संचालित कर रहा है। वह लोगों को पैसा व ठेला देकर पुरे शहर में फेरी लगाकर कबाड़ सामान खरीदी बिक्री का काम करता है। उसने अपने दुकान के आसपास शासकीय जमीन में कब्जा कर बड़ा सा गोदाम भी बना लिया था। पुलिस ने नापजोख करने के बाद शासकीय जमीन में बने अवैध गोदाम पर बुलडोजर चलाकर ढहा दियाा है। साथ ही फिर से अवैध कब्जा करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### ट्रांसपोर्ट नगर में पिंटू चौहान की कबाड़ी दुकान

ट्रांसपोर्ट नगर में पिंटू चौहान विगत 10 साल से कबाड़ी दुकान संचालित कर रहा है। वह ट्रांसपोर्ट नगर में चलने वाली गाड़ी व हाइवे में चलने वाले गाड़ियों के ड्राइवरों से सांठगांठ कर गाड़ी में लोड के सामान कुछ हिस्से की अवैध तरीके से खरीदी बिक्री का काम करता है। उसने दुकान में शासकीय जमीन पर कब्जा कर यार्ड बनाकर गोदाम बना लिया था। पुलिस ने उसके अवैध कब्जे में बने गोदाम में बुलडोजर चलाकर ढहा दिया है।

### पूर्व में पुराना बस स्टैण्ड में कबाड़ी दुकान पर चला था बुलडोजर

पूर्व में एक चर्चित कबाड़ी पुराना बस स्टैण्ड चौक में शासकीय जमीन पर मकान बनाकर कबाड़ दुकान संचालित कर रहा था। शहर के बीच कबाड़ दुकान होने से यातायात प्रभावित हो रहा था। लगातार शिकायत के बाद दो साल पहले नगर निगम के द्वारा उसके अवैध कबाड़ दुकान में बुलडोजर चलाकर ढहा दिया गया था। उसके बाद चौक की ट्रैफिक व्यवस्था काफी हद तक सुधर गई है।

### अवैध सामान मिलने पर 19 कबाड़ियों पर की गई थी कार्रवाई

### बड़ी कोनी पॉलिटेक्निक कालेज के बगल में कबाड़ी मंसूर बेग का अवैध कब्जा

ध्यान रहे कि 23 मई को कोनी पुलिस ने कबाड़ी मंसूर बेग को गिरफ्तार किया था। मुंशी व मददगार उसे आराम से कुर्सी में बैठाकर वीआईपी ट्रीटमेंट देते हुए चाय-नास्ता करा रहे थे। वह बड़ी कोनी पॉलिटेक्निक कालेज के बगल में पिछले 6 साल से कबाड़ी दुकान चला रहा है।

इसके पहले 3 साल सेंदरी में कबाड़ी दुकान चला चुका है। पुलिस ने उसके दुकान के जमीन की दस्तावेज की जांच की तो बड़ी संख्या में शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा पाया गया। पुलिस ने उसके दुकान के अवैध कब्जा पर बुलडोजर चलाकर ढहा दिया है।

### 18 कबाड़ियों पर कार्रवाई

ज्ञात हो कि एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों ने अलग-अलग टीम बनाकर जिले के 49 कबाड़ी दुकानों में ताला लगाकर सील कर दिया था। सभी दुकानों के कबाड़ के सामानों की जांच की गई। संदिग्ध सामान पाए जाने पर 18 कबाड़ियों से कबाड़ का सामान जब्त कर कबाड़ियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था।

### कुछ कबाड़ियों तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

खबर है कि पिछले 3 साल से सकरी क्षेत्र के चोरभट्ठी मेन रोड से कुछ दूरी में चर्चित कबाड़ी यार्ड बनाकर बेखौफ कबाड़ का दुकान व गोदाम संचालित कर रहा है। इसी तरह रायपुर रोड रिलायंस पेट्रोल पंप माडल एण्ड माडल स्कूल के पास गली में एक चर्चित कबाड़ी पिछले 6 माह से यार्ड बनाकर कबाड़ी दुकान व गोदाम संचालित कर रहा है। बताया जाता है इतनी बड़ी कार्रवाई में पुलिस दोनों कबाड़ी दुकानों तक नहीं पहुंच सकी।

### कार्रवाई की गई

49 कबाड़ी दुकानों को सील कर सामान, दुकान के दस्तावेज, जमीन के दस्तावेज की जांच की गई। अवैध कबाड़ मिलने पर 18 कबाड़ियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था। तीन कबाड़ी दुकानों में शासकीय जमीन में अवैध कब्जा पाए जाने पर उसे तोड़ा गया है। फिर से बेजा कब्जा करने पर सख्त चेतावनी दी गई है।

**- पंकज कुमार पटेल**
एडीशनल एसपी

# शहर में नहीं खुल पा रहे दो और रजिस्ट्री कार्यालय

### सरकारी भवन की कमी, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अधिसूचना के दो महीने बाद भी शहर में अब तक रजिस्ट्री के दो नए कार्यालय स्थापित नहीं हो सके हैं। वर्तमान में स्थापित जिला पंजीयक कार्यालय से लोड कम करने एवं लोगों को उनके क्षेत्र में ही कार्यालय उपलब्ध कराने सकरी व राजकिशोर नगर में नया रजिस्ट्री कार्यालय खोला जाना था, लेकिन सरकारी भवन ही उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उन स्थानों पर कार्यालय स्थापित नहीं किए जा सके हैं। भवन की व्यवस्था को लेकर कलेक्टर द्वारा नगर निगम आयुक्त एवं एसडीएम को भी पत्र लिखा गया है।

तेजी से बढ़ते बिलासपुर शहर एवं लोगों को उनके क्षेत्र में ही रजिस्ट्री की सुविधा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा दो नए रजिस्ट्री आफिस स्थापित करने की घोषणा की गई थी। 22 अप्रैल 2026 को इसकी विधिवत अधिसूचना भी जारी कर दी गई। इसके विपरीत आज मई का महीना भी समाप्त होने को है, लेकिन नए कार्यालयों की स्थापना तो दूर भवन की व्यवस्था तक नहीं की जा सकी है। इसके पीछे प्रमुख कारण सरकारी भवन की अनुपलब्धता बताई जा रही है। नए रजिस्ट्री कार्यालय राजकिशोरनगर एवं सकरी क्षेत्र में स्थापित किए जाने हैं, जिसके लिए सरकारी बिल्डिंग की जरूरत है, लेकिन उन क्षेत्रों में सरकारी बिल्डिंग खाली ही नहीं होने के कारण कार्यालय प्रारंभ करने में विलंब हो रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के द्वारा अतिरिक्त कक्ष या सामुदायिक भवन उपलब्ध कराने एसडीएम एवं नगर निगम आयुक्त को भी पत्र लिखा गया है।



### तहसील कार्यालय परिसर पहली प्राथमिकता

नए रजिस्ट्री कार्यालय स्थापित करने तहसील कार्यालय परिसर में उपलब्ध भवन को ही प्राथमिकता क्रम में रखा गया है। चूंकि दोनों ही विभाग एक-दूसरे से संबंधित हैं, जिससे तहसील कार्यालय परिसर में ही रजिस्ट्री कार्यालय स्थापित होने से पक्षकारों को काफी सहूलियत हो सकेगी। हालांकि इस संबंध में रजिस्ट्री विभाग के अधिकारियों द्वारा दोनों ही तहसील में अधिकारियों से बात की जा चुकी है, लेकिन परिसर में ही रजिस्ट्री आफिस भी खोलने के बाद काफी भीड़ हो जाने की बात कहते हुए फिलहाल इस प्रस्ताव पर सहमति नहीं बन पा रही है।

### पंद्रह जून तक बनकर तैयार हो जाएगा मॉडल रजिस्ट्री ऑफिस

व्यापार विहार में रजिस्ट्री के लिए तैयार किया जा रहा शहर का पहला मॉडल ऑफिस पंद्रह जून तक बनकर तैयार हो जाएगा। यहां पक्षकारों को फुल्ली एसी वेटिंग हॉल, स्वच्छ वॉशरूम एवं सारी हाईटेक सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। पंद्रह जून तक तैयार हो जाने के बाद जुलाई से यहां रजिस्ट्री से संबंधित कामकाज प्रारंभ हो जाने की बात कही जा रही है।

### हो रहा है विलंब

सकरी व राजकिशोर नगर में दो नए रजिस्ट्री ऑफिस खोले जाने हैं, लेकिन शासकीय भवन उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण इसमें विलंब हो रहा है। तहसील कार्यालय भवन परिसर में ही रजिस्ट्री आफिस खोलने की प्राथमिकता थी, लेकिन वहां भी भवन उपलब्ध नहीं हो सका है। इस संबंध में कलेक्टर से भी चर्चा की गई है, जिससे जल्द ही समाधान निकलने की उम्मीद है।

**- आरके स्वर्णकार,** जिला पंजीयक

### तापमान 45 डिग्री पार, पानी के लिए मचा हाहाकार

# 32 बांधों के हलक सूखे, एक बूंद भी पानी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी के प्रभाव से जिले के 32 बांध पूरी तरह सूख चुके हैं। बांधों में एक बूंद पानी नहीं है, जिसमें सबसे ज्यादा पशु-पक्षी प्रभावित हो रहे हैं। गावों के निस्तारी तालाबों को तो हाल ही में नहर में पानी छोड़कर भरा गया है, लेकिन छोटे स्तर के बांध अब भी सूखे ही हैं, जिसे भरने का कोई विकल्प नहीं है।

- जिन बांधों से पानी मिलने की उम्मीद, उन्हीं को पानी जरूरत

जिले में छोटे स्तर के बांधों की हालत बेहद खराब है। खारंग डिवीजन में बांधों की कुल संख्या 51 है, जिनमें 18 बांध पूरी तरह सूख चुके हैं और खुद एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं। सिंचाई विभाग द्वारा बीते दिनों बड़े बांधों से नहर में पानी छोड़कर गांवों के निस्तारी तालाब तो भर दिए गए, लेकिन सूख चुके बांधों में पुनः जलभराव का कोई विकल्प नहीं होने के कारण वे अब भी सूखे ही हैं।



### खूंटाघाट में अभी 65 व घोंघा में 47 प्रतिशत जलभराव शेष

गांवों में निस्तारी तालाबों को भरने के उद्देश्य से 25 अप्रैल से जिले के सभी बड़े बांधों के गेट खोल दिए गए थे। इस दौरान खूंटाघाट, घोंघा व अरपा-भैंसाझार बराज से 15 मई तक नहरों में पानी छोड़ा गया था। लगातार 20 दिनों तक पानी छोड़ने के बाद खूंटाघाट से 2 सौ तालाबों को भरा गया वहीं घोंघा व अरपा भैंसाझार से 30 तालाबों को भरा गया था। आज की स्थिति में खूंटाघाट में 65 68 प्रतिशत, घोंघा में 47. 3 प्रतिशत एवं अरपा-भैंसाझार बराज में 48 प्रतिशत जलभराव शेष है।

### इन बांधों में नहीं है एक बूंद पानी

पूरी तरह सूख चुके बांधों में खारंग जलसंसाधन संभाग के 18 तालाब हैं। इनमें बिरकोना जलाशय, अकलतरी, धौरामुड़ा, भाड़ी, सरगाढोढ़ी, बांका, सोंठी, गोढ़ी, कड़ारबांध, दगौरी, उड़ेला, सेमराडीह, वेद परसदा, सारधा, पोड़ीगुमा, पौंसरी, कुंआपाली व बिटकुली-टारबांध शामिल हैं। इसी तरह कोटा जल संसाधन संभाग के भी सोलह बांधों में पानी पूरी तरह सूख चुका है। इनमें भी एक बूंद पानी नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों एवं पशु-पक्षियों को बड़ी परेशानी हो रही है।

### 14 और बांध सूखने की कगार पर

जिले के चौदह और ऐसे बांध हैं जो पूरी तरह सूखने की कगार पर हैं। 30 अप्रैल की स्थिति में उन बांधों में शून्य से 25 प्रतिशत तक जलभराव शेष था। अब मई का महीना भी बीतने को है, और अधिकतम तापमान लगातार 45 डिग्री के पार जा रहा है। जिससे पूरी संभावना है कि इन बांधों में भी जलभराव का स्तर लगभग नहीं के बराबर पहुंच चुका होगा। जिले में 75 से 100 प्रतिशत जलभराव वाले बांधों की बात की जाए तो एक भी बांध इस स्तर के नहीं हैं।

### 18 बांधों में पानी नहीं

खारंग डिवीजन अंतर्गत छोटे स्तर के 18 बांध पूरी तरह सूख चुके हैं। इन बांधों को वापस भरने का कोई विकल्प भी नहीं है। निस्तारी तालाबों को नहर से जुड़े होने के कारण भरना संभव हो पाता है।

**- एमके चंद्रा,** ईई
खारंग डिवीजन

### 16 बांध सूख चुके

कोटा डिवीजन में छोटे व मध्यम स्तर के लगभग सोलह बांध ऐसे हैं, जो पूरी तरह सूख चुके हैं और उनमें आज की स्थिति में एक बूंद पानी नहीं है।

**- डी.जायसवाल,** ईई
कोटा डिवीजन




## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने किया झीरम घाटी हत्याकांड के शहीदों को नमन



**बिलासपुर।** जिला शहर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा 25 मई को इंदिरा कांग्रेस भवन में 25 मई 2013 को हुए झीरम घाटी हत्याकांड पर वीर शहिद सपूतों को उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद कर वीर श्रद्धांजलि दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व महापौर रामशरण यादव ने बताया कि झीरम घाटी हत्याकांड भारत के इतिहास का सबसे बड़ा राजनीतिक नक्सली हमला था। यह हमला 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले की झीरम घाटी में हुआ था। इस खूनी मंजर में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सहित 30 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। नक्सली हमले में नक्सलियों ने गाड़ियों से नीचे उतारकर बकायदा नाम पूछ-पूछकर बड़े नेताओं की गोली मारकर हत्या की। शहीद हुए प्रमुख नेताओं मे महेंद्र कर्मा, नंदकुमार पटेल, दिनेश पटेल, विद्याचरण शुक्ल, उदय मुदलियारआदि शामिल थे। आज के कार्यक्रम में हरीश तिवारी, संतोष गर्ग, विनोद साहू, जितेद्र पांडे, मो. शाहनवाज, डॉ राहुल सिंह, दीपक राचलवार, राकेश केसरी, कृष्ण कुमार यादव, राजेश शर्मा, गणेश रजक, रेखेद्र तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, राकेश यादव, अन्नपूर्णा ध्रुव, राजा व्यास, अक्षय सूर्य, राजीव साहू, चित्रलेखा साहू, सरफराज अहमद, दिनेश सिरिया, राजू यादव आदि मौजूद थे।

### छग पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ की रायपुर जिला कार्यकारिणी घोषित

**बिलासपुर।** छग पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ की रायपुर जिला इकाई में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। यह नियुक्तियां महासंघ के प्रदेश प्रभारी एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रेम पाठक की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज सलूजा द्वारा की गईं। नई टीम के गठन के बाद संगठन को और मजबूत बनाने तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही गई है। जारी सूची के अनुसार दानसिंह देवांगन को रायपुर जिला इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर संतोष साहू, अनुज कुमार नारद, दिनेश सिन्हा और शुभम राव चव्हान को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासचिव पद की जिम्मेदारी आचार्य पवन राम को दी गई है, जबकि श्रवण यदु को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन सचिव उर्वी मेश्राम और महक नानवानी की नियुक्ति की गई है। संयुक्त सचिव पद पर आशीष उके, हिमांशु पटेल, सत्यम गौतम और अच्युत तिवारी को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रोहित बागड़े, अभय भिवगडे और कल्याणी ध्रुव को शामिल किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज सलूजा ने कहा कि महासंघ लगातार पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान के लिए कार्य कर रहा है। नई नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और रायपुर जिला इकाई पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती से उठाने का कार्य करेगी।



### बड़े देशों की अर्थव्यवस्था हथियारों के निर्यात पर टिकीः रघु

**बिलासपुर।** समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर का कहना है कि अमेरिका व रूस जैसे बड़े देशों की अर्थव्यवस्था हथियारों के निर्यात पर टिकी हुई है। इसलिए हथियारों के धंधे को चमकाने युद्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित देशभर में जारी खाद संकट पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि बाजार में खाद की कृत्रिम कमी पैदा कर बिचौलियों और बड़े व्यापारियों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध मुनाफाखोरी की जा रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि किसानों का हक मारने वाले इन तत्वों के खिलाफ तत्काल सख्त कदम उठाए जाएं। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संस्थापक और राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर चांपा शिविर के बाद मंगलवार को बिलासपुर पहुंचे। इस अवसर पर सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सोसायटियों और खुले बाजार से खाद गायब है। किसान अपनी फसलों के लिए यूरिया और डीएपी जैसी बेहद जरूरी खादों के लिए भटक रहे हैं। यह संकट प्राकृतिक नहीं, बल्कि निर्मित है। बाहर से आने वाली खाद की रैक और आपूर्ति श्रृंखला में भारी गड़बड़ी है। व्यापारी मिलकर खाद का स्टॉक दबा रहे हैं और बाद में उसे ऊंचे दामों पर ब्लैक में बेच रहे हैं। उन्होंने सिपरी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका और रूस जैसे बड़े देशों की अर्थव्यवस्था हथियारों के निर्यात पर टिकी है। इन महाशक्तियों का अरबों डॉलर का हथियारों का धंधा तभी जिंदा रह सकता है, जब दुनिया में कहीं न कहीं युद्ध की आग धधकती रहे। रूस-यूक्रेन और मिडिल ईस्ट का संकट इसी हथियार माफिया की देन है, जिसका सीधा खामियाजा वैश्विक तेल संकट और आर्थिक मंदी के रूप में भारत जैसे शांतिप्रिय देशों को भुगतना पड़ रहा है।



## निधन



### राखी सोनी

**बिलासपुर।** एल - 7 विद्या नगर निवासी राखी सोनी का 26 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे राकेश सोनी की बहन थीं।



### ननकी राम साहू

**बिलासपुर।** ग्राम हरदी (महामाया) बहोरन साव परिवार के प्रतिष्ठित नागरिक ननकी राम साहू का 26 मई को निधन हो गया। वे 93 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 27 मई को सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. लक्ष्मी प्रसाद, नरतन साहू , नरोत्तम साहू, छोटेलाल साहू एवं शिवकुमारी साहू के पिता एवं जीतेश साहू के दादा थे।



### सरजू प्रसाद तिवारी

**बिलासपुर।** ग्राम हाफा जोकी निवासी सरजू प्रसाद तिवारी 90 वर्ष का 26 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 मई को सुबह 10 बजे ग्राम जोकी में होगा। वे नर्सिंग तिवारी, नरेश तिवारी,नागेश तिवारी, अटल तिवारी के पिता थे।

---

**यूनिवर्सिटी ने नियमों में किया संशोधन** | **इस निर्णय से प्रदेश भर के छात्रों को प्रवेश में मिलेगा लाभ**

# ओयू में सेट उत्तीर्ण छात्रों को इंटरव्यू के आधार पर सीधे मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में अब प्रदेश के सेट पास छात्रों को पीएचडी में इंटरव्यू के आधार सीधे प्रवेश दिया जाएगा। ओपन यूनिवर्सिटी के इस निर्णय से प्रदेशभर के छात्रों को इसका लाभ मिलेगा।

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी ने पीएचडी अध्यादेश क्रमांक एक पार्ट बी डॉक्टर ऑफ फिलासफी में संशोधन किया है। इसमें प्रवेश मानदंड के रूप में नेट, जेआरएफ, एसएलईटी, एसईटी स्कोर पर आधारित पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के रूप में उपयोग किया जाएगा, जिसमें 70 प्रतिशत भार होगा, जबकि चयन प्रक्रिया में इंटरव्यू में उम्मीदवार के प्रदर्शन के आधार पर 30 प्रतिशत भार होगा। इन




उम्मीदवारों की उपस्थिति को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी और यूनिवर्सिटी उम्मीदवारों के चयन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं करेगा। यदि कोई योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते हैं, तो यूनिवर्सिटी अपने निर्णयानुसार वर्ष में एक बार प्रवेश परीक्षा आयोजित कर सकती है। इसके बाद उम्मीदवारों के लिए चयन करने साक्षात्कार लिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों को समय-समय पर यूजीसी के निर्णयानुसार प्रवेश परीक्षा में 5 प्रतिशत अंकों की छूट दी जाएगी।

प्रवेश परीक्षा के पाठयक्रम में 50 प्रतिशत शोध पद्धति और 50 प्रतिशत विषय विशिष्ट पाठयक्रम शामिल होंगे। एक साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा, जिसमें उम्मीदवारों को डीआरसी के समक्ष प्रस्तुति के माध्यम से अपने शोध रूचि क्षेत्र पर चर्चा करनी होगी। उम्मीदवारों के चयन के लिए प्रवेश परीक्षा को 70 प्रतिशत और इंटरव्यू में प्रदर्शन को 30 प्रतिशत भार दिया जाएगा।

### अन्यू यूनिवर्सिटी में पहले से दी जा रही छूट

पंडित सुंदरलाल ओपन यूनिवर्सिटी में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में नेट व अन्य राष्ट्रीय परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों की भांति सीजी सेट उत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी प्रवेश परीक्षा में छूट दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा सेट उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश परीक्षा दिए जाने बाध्य किया जाता था जो कि राज्य के छात्रों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया था जबकि प्रदेश के अन्य राजकीय यूनिवर्सिटी में सेट पास विद्यार्थियों को सीधी छूट दी जा रही है।

### एनएसयूआई के छात्र मिले कुलपति से

एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह के नेतृत्व में छात्रों द्वारा पूर्व में ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. व्हीके सारस्वत को यूजीसी के चेयरमेन के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया था और यह मांग उठाई गई थी कि सेट पास विद्यार्थियों को अनावश्यक जटिल प्रक्रियाओं से राहत देते हुए सरल एवं पारदर्शी प्रवेश व्यवस्था लागू की जाए। रंजेश सहित एनएसयूआई के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति से मिलकर इस निर्णय के लिए आभार जताया है। उनका कहना है कि यह केवल संगठन की जीत नहीं, बल्कि प्रदेश के मेहनती और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के अधिकारों की जीत है और अब सेट पास विद्यार्थियों को सीधे पीएचडी में प्रवेश दिया जाएगा।

---

**सीएम सचिवालय भेजी गई सुशासन शिविर की लिस्ट**

# मुख्यमंत्री के सुशासन दौरे को लेकर कलेक्टर ने अफसरों को किया एलर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन दौरा को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों को एलर्ट कर दिया है। कलेक्टर ने मंगलवार को बैठक में सभी अधिकारियों को मुख्यमंत्री दौरे को लेकर तैयार रहने कहा है। वहीं जिले में सुशासन शिविर की लिस्ट मुख्यमंत्री सचिवालय भेज दी गई है।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कौन से ब्लॉक के किन-किन गांवों में किस-किस तिथि को सुशासन शिविर लगेगी इसकी पूरी लिस्ट मुख्यमंत्री सचिवालय भेजी गई है ताकि वहीं से तय होगा कि मुख्यमंत्री किस गांव के शिविर में हेलीकाप्टर से अचानक उतरेंगे और ग्रामीणों से रूबरू होंगे। शासन की योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर आम लोगों को मिल रहा है इसकी भी जानकारी लेंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल भी आज बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को मुख्यमंत्री के दौरा को लेकर एलर्ट कर दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को तैयार रहने कहा है कि आगामी दो-तीन दिनों में कभी भी मुख्यमंत्री बिलासपुर जिला सुशासन दौरे पर पहुंच सकते हैं। इसलिए सभी विभागों के अधिकारियों को पूरी तरह से तैयार रहने कहा गया है। हालांकि मुख्यमंत्री दौरे के तिथि को लेकर अभी भी प्रशासन स्पष्ट रूप से कहने की स्थिति में नहीं है। प्रशासन के अधिकारियों का मानना है कि मुख्यमंत्री के दौरे के एक दिन पहले प्रशासन के पास सूचना पहुंच जाएगी। सुशासन तिहार 1 मई से शुरू हुआ है जो 10 जून तक चलेगा और इस दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में लोग अपनी मांग व समस्याओं संबंधी आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समधान, निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। मिटिंग लेंगे, जिसके लिए फोल्डर तैयार किया जा रहा है। इस फोल्डर में सभी शासकीय विभागों की जानकारी रहेगी। इसमें शासन अलग-अलग विभागों की योजनाओं की जानकारी आंकड़ों के साथ रहेगी। किस योजना में क्या टारगेट था कितना पूरा किया गया।

### सर्वाधिक आवेदन राजस्व के

बीते माह जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक तहसील में कई गावों में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया था। उस दौरान भी प्राप्त शिकायतों का तत्काल मौके पर ही निराकरण की बात कही गई थी। हालत यह है कि लोगों को सीमांकन और फौती-नामांकरण जैसी छोटी समस्याओं के लिए सीधे कलेक्टर के पास आना पड़ रहा है। शर्मनाक बात यह है कि कई फरियादियों का कलेक्टोरेट का दूसरा व तीसरा फेरा है।

### मंथन कक्ष का जीर्णोद्धार, कलेक्टर वेटिंग हॉल में जनदर्शन

मंथन सभाकक्ष में जीर्णोद्धार का काम चलने के कारण मंगलवार को आयोजित टीएल की मीटिंग जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। इसी तरह जनदर्शन के लिए कलेक्टर चेंबर के ठीक सामने स्थित वेटिंग हॉल को चुना गया था। वेटिंग हॉल में शिकायतकर्ताओं की संख्या इतनी अधिक थी कि पूरा हॉल खचाखच भर गया था। ऐसे में कलेक्टर परिसर में करीब दो सौ से भी अधिक की संख्या में शिकायतकर्ता अपनी बारी का इंतजार करते बाहर इंतजार करते खड़े रहे।

### पानी के लिए कलेक्टोरेट पहुंची सेंवार की महिलाएं

बिल्हा ब्लॉक के सेंवार गांव की महिलाएं बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंची। उन्होंने बताया कि उनके गांव के तालाब में पानी नहीं है। बोर भी फेल हो चुका है। उपलब्ध पानी इतना गंदा है कि चाय बनाने के दौरान हर बार चाय फट जाती है। चारों ओर शिकायत करने व समाधान नहीं निकलने के बाद अब वे कलेक्टर के समक्ष अपनी शिकायत लेकर आई हैं। खमतराई गांव की ग्रामीण महिलाएं गांव के तालाब में असमाजिक तत्वों के अवैध कब्जे को रोकने की शिकायत लेकर बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंची थीं।

## दुर्ग-हटिया के बाद रक्सौल-तिरुपति स्पेशल से किया गया नियमित

**बिलासपुर।** दुर्ग से हटिया के बीच चलने वाली स्पेशल को नियमित करने के बाद एक और ट्रेन की सौगात बिलासपुर जोन को मिली है। रक्सौल से तिरुपति के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन को भी बोर्ड ने रेगुलर चलाने का आदेश जारी कर दिया है, जिसका नियमित परिचालन 1 जून से शुरू कर दिया जाएगा। यह ट्रेन बिलासपुर और रायपुर स्टेशन होकर चलाई जाएगी।

■ अब तक स्पेशल बनकर चल रही थी, 1 जून से चलेगी नियमित

रेल बजट पेश होने के बाद अब तक बिलासपुर एसईसीआर मुख्यालय को नई पिन बुक मिलने के बाद यात्रियों के लिए एक नई ट्रेन की सौगात रेलवे बोर्ड से बिलासपुर जोन को दी गई है। रेलवे के अनुसार हटिया से दुर्ग और दुर्ग से हटिया के बीच द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का अब तक 08185/08186 नम्बर के साथ परिचालन किया जा रहा है। ट्रेन में दुर्ग से हटिया के बीच यात्रियों की काफी भीड़ है, जिसके कारण रेल प्रशासन की ओर से ट्रेन को नियमित करने के लिए पत्र लिखा गया था। द्विसाप्ताहिक बनकर चलने वाली 08185/08186 दुर्ग-हटिया और हटिया से दुर्ग स्पेशल ट्रेन को रेल प्रशासन के पत्र मिलने के बाद रेलवे बोर्ड ने नियमित करने का आदेश जारी कर दिया है। इस नए आदेश के बाद स्पेशल ट्रेन बनकर चल रही ट्रेन 18641/18642 नम्बर के साथ दुर्ग से हटिया के बीच नियमित बनाकर 2 अप्रैल से शुरु कर दी गई है। नए नम्बर के साथ 18641 हटिया से दुर्ग द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस प्रति मंगलवाल और गुरुवार को और 18642 दुर्ग-हटिया द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस प्रति बुधवार व शुक्रवार को चल रही है। हटिया से ट्रेन रात 20.00 बजे रवाना होकर राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़, चांपा के बाद देर रात 3.50 बजे बिलासपुर के बाद भाटापारा, रायपुर होते हुए दुर्ग सुबह 6.45 बजे और 18642 बनकर दुर्ग से ट्रेन 19.35 बजे रवाना होकर रायपुर, भाटापारा होकर बिलासपुर रात 22.25 बजे होते हुए दूसरे दिन सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर हटिया स्टेशन पहुंच रही है। नियमित बनकर चल रही दुर्ग-हटिया और हटिया-दुर्ग द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन में 5 सामान्य कोच, एक एसएलआरडी, एक एसी थ्री, एक एसी टू, 6 शयनयान तथा जनरेटर कार सहित 15 एलएचबी कोच की सुविधा दी गई है। इसी तरह एक और स्पेशल ट्रेन तिरुपति से रक्सौल के बीच चलने वाली को भी रेगूलर करने का आर्डर जारी कर दिया गया है, जिसकी शुरुआत 5 दिन बाद यानि 1 जून से शुरु कर दी जाएगी। अब तक रक्सौल से तिरुपति के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन का परिचालन 07051/07152 नम्बर के साथ किया जा रहा था। नियमितिकरण के कारण यह ट्रेन नए नम्बर 17433/17434 तिरुपति-रक्सौल और रक्सौल से तिरुपति के बीच साप्ताहिक बनाकर चलाई जाएगी।

---

## सेंट्रल विवि के दैवेभो कर्मचारी होंगे नियमित

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्ववित्तीय योजना के तहत नियमितीकरण करने जा रही है। इससे कर्मचारियों को आगे न तो प्रमोशन मिलेगा और न ही उन्हें रिटायर होने के बाद पेंशन मिल पाएगा। इसलिए यूनिवर्सिटी के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों में खलबली मची हुई है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा जारी आदेश के अनुसार वर्तमान में यूनिवर्सिटी में कार्यरत दैनिक वेतनभोगियों की सेवा शर्ते न्यायालय के आदेश एवं सेंट्रल यूनिवर्सिटी अधिनियम की धारा 4 डी के प्रकाश में संरक्षित रखते हुए उल्लेखित सेवा शर्तो के अनुसार ही इनकी सेवाएं शासित होगी। इस आदेश के अंतर्गत नियमित किए जा रहे कर्मचारियों का नियमितीकरण कार्यपरिषद द्वारा समय-समय पर सृजित एवं स्वीकृत तृतीय श्रेणी के अशैक्षणिक रिक्त पदों के विरूद्ध किया जा रहा है। इन कर्मचारियों का वेतन आहरण यूनिवर्सिटी स्ववित्तीय योजनाओं के अंतर्गत संचालित विभागों, संस्थानों के बजट मद से होगा। इसी तरह नियमित किए गए किसी भी कर्मचारी को उसकी मूल पदस्थापना में यथावत रखते हुए यूनिवर्सिटी की आवश्यकतानुसार यूनिवर्सिटी के किसी भी विभाग, संस्थान, कार्यालय में कार्य लिया जा सकेगा तथा इस नियमितीकरण के आदेश द्वारा नियमित किए गए किसी भी कर्मचारी का किसी भी विभाग के किसी भी पद पर नियुक्ति का कोई स्थाई अधिकार नहीं बनेगा। वर्तमान में सेंट्रल यूनिवर्सिटी में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पद उपलब्ध नहीं हैं किन्तु न्यायालय के आदेश 6 मार्च 2023 के परिपालन में पूर्ववर्तीय राज्य यूनिवर्सिटी के आदेश 26 अगस्त 2008 को पुनःस्थापित किया गया है। योजना के तहत इन्हें नियमित कर्मचारी मानते हुए स्ववित्तीय योजना में इनके पद को काल्पनिक मानते हुए इसे मरणासन्न पद भी घोषित किया जाता है।

### दस्तावेजों का चल रहा सत्यापन

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण मामले में कोर्ट के आदेश के बाद गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन हरकत में आया है। नियमितीकरण संबंधी जो आदेश दबाकर रखा गया था, उसे सार्वजनिक किया गया है। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण समिति को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने पत्र जारी किया था। इसमें यूनिवर्सिटी द्वारा गठित समिति द्वारा संबंधितों की शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हता संबंधी दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है।

## एनएसयूआई करेगा विरोध-प्रदर्शन

**बिलासपुर।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर एनएसयूआई लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इसी कड़ी में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय एवं एनएसयूआई बिलासपुर जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के नेतृत्व में अगले महीने तीन जून को केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के निवास का घेराव किया जाएगा।

प्रेस क्लब में चर्चा करते हुए एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे और जिला अध्यक्ष रंजीत ने कहा कि नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं ने लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों की भावनाओं को आहत किया है। छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एनएसयूआई ने केंद्र सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। एनटीए को भंग कर नई पारदर्शी परीक्षा एजेंसी बनाई जाए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें। छात्रों ने मांग की है कि मामले की जेपीसी से जांच कराई जाए।



### पेपर लीक माफियाओं पर कठोर कार्रवाई हो

उन्होंने पेपर लीक माफियाओं पर कठोर कार्रवाई की मांग की। राष्ट्रीय परीक्षा सुरक्षा कानून बनाया जाए, छात्रों को न्याय और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बड़ी संख्या में मौजूद रहने की बात कही गई।

---

**भाजपा के दो दिवसीय पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का समापन**

# समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारा उद्देश्यः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



भाजपा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का समापन झुलेलाल मंगलम तिफरा में हो गया। इसमें उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका सरकार की योजनाओं का कार्यान्वयन कराकर नीतियों को व्यक्ति से जोड़ना है। हमें ध्यान रखना है कि एक भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारा उद्देश्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मुख्य कल्याणकारी योजनाओं को आमजनों के बीच पहुंचाना हम सभी की जवाबदेही है। पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक मकान बनाए गए है, आयुष्मान भारत योजना के तहत 55 करोड़ से अधिक लोगों को 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। इसे हमें इन योजनाओं की चर्चा कर आमजनों के बीच लाना है। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि राजनीति में भारतीय चिंतन के आधार पर सकारात्मक विकल्प देने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। नवगठित जनसंघ ने 1952 में दीपक चुनाव चिन्ह पर अपना पहला चुनाव लड़ा। तीन सांसद जीते तथा देशभर में 3.06 प्रतिशत मत प्राप्त हुआ और जनसंघ को राष्ट्रीय दल का दर्जा प्राप्त हुआ। 6 अप्रैल 1980 को अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी का गठन किया गया। विधासभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि भारत की बढ़ती ताकत और क्षमताओं के कारण अंदर और बाहर कुछ ताकतें देश को अस्थिर करने और अराजकता फैलाने की कोशिश कर रही है वे भारत के सामरिक, आर्थिक एवं सामाजिक हितों को नुकसान पहुँचाना चाहते हैं। प्रदेश संयोजक प्रशिक्षण विभाग अवधेश जैन ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं यह एक विचार है एक दृष्टिकोण है और एक सतत आंदोलन है।



### इनकी रही उपस्थिति

प्रशिक्षण वर्ग में उप-मुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद व जिला संगठन प्रभारी रूपकुमारी चौधरी, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमजीत सिंह, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, योग आयोग के अध्यक्ष व प्रशिक्षण प्रभारी रूपनारायण सिन्हा, महापौर जगदीश रामू रोहरा, भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, महापौर पूजा विधानी, राजीव सिंह, सभापति विनोद सोनी, अवधैन जैन, सुनील पिल्लई, श्रद्धा मिश्रा, सोमेश तिवारी, प्रदीप कौशिक, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, गुलशन ऋषि, अमरजीत सिंह दुआ, चंद्रप्रकाश बाजपेयी, किशोर राय, रामदेव कुमावत, अजीत सिंह भोगल, प्रवीण दुबे, गौरी गुप्ता, राकेश तिवारी, वैभव गुप्ता, स्नेहलता शर्मा, तुलसी बघेल, मो.हनीफ, श्याम सिंह ध्रुव सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ज्येष्ठ नागरिक संघ का निर्वाचन 31 को

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ का 2026 -28 के लिए निर्वाचन 31 मई को अनुभव भवन बृहस्पति बाजार के पास सुबह 9 से 2 बजे तक वोट डाला जाएगा। चुनाव अधिकारी डा .प्रदीप शुक्ला ने बताया कि इस निर्वाचन में अध्यक्ष पद के लिए अरविन्द दीक्षित एवं अनिल व्यास उपाध्यक्ष पद के लिए डी पी गुप्ता एवं अनिल दीवान, सचिव पद के लिए बालगोविन्द अग्रवाल एवं मेघा ताम्हने, कोषाध्यक्ष के लिए प्रभात मिश्रा व प्रकाश जोशी के मध्य मुकाबला है। कार्यकारिणी सदस्य के 10 पद के लिए 17 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें नित्यानंद अग्रवाल, जालिम सिंह भामरा, भरत लाल देवांगन, अनिता दीवान, यादवेन्द्रधर दीवान, रोहित कुमार गेंदले, सुश्री सीता गुप्ता, सतीश कुमार पाण्डेय, प्रवेश पुरी, प्रेमलता राजपूत आदि शामिल हैं।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 27 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





वेकैंसी

## आरआरबी ने जारी किया एएलपी रिवाइज्ड वैकेंसी का नोटिफिकेशन




**बिलासपुर।** रेलवे में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, रेलवे भर्ती बोर्ड आरआरबी ने असिस्टेंट लोको पायलट के पदों पर भर्ती के लिए एक रिवाइज्ड ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया है। आरआरबी की अधिसूचना के मुताबिक पदों की संख्या में बदलाव किया गया है। नई अधिसूचना के तहत अब कुछ जोन में पदों की संख्या बढ़ाई गई है। इससे उन तमाम छात्रों को राहत मिलेगी, जो रेलवे में नौकरी करना चाहते हैं। आरआरबी ने एक ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया गया था, जिसके मुताबिक एएलपी के कुल 11127 पदों पर भर्ती की जानी थी। हालांकि, अब आरआरबी ने रिवाइज्ड नोटिफिकेशन जारी कर तीन जोन में पदों की संख्या बढ़ाई है।

### इन जोन में पदों की संख्या बढ़ी

आरआरबी रिवाइज्ड नोटिफिकेशन के मुताबिक तीन जोन भुवनेश्वर, बिलासपुर और सिकंदराबाद में पदों की संख्या बढ़ाई गई है। भुवनेश्वर में पहले 928 सीटें थीं, जिसे अब बढ़ाकर 1,355 कर दिया गया है। इसके साथ ही बिलासपुर में पहले 568 सीटें थीं, जिसे बढ़ाकर अब 1,068 और सिकंदराबाद में पहले 533 सीटें थीं, जिसे बढ़ाकर वर्तमान में 606 कर दिया गया है।

# रुचि के अनुसार करियर चुनें, भविष्य बनेगा सुरक्षित

जीवन में सफलता हासिल करने के लिए सही समय पर उचित करियर का चयन बेहद जरूरी है। अक्सर देखा जाता है कि विद्यार्थी और उनके अभिभावक करियर चयन को लेकर असमंजस में रहते हैं। सही मार्गदर्शन के अभाव में कई छात्र ऐसी दिशा चुन लेते हैं, जो आगे चलकर तनाव, असंतोष और असफलता का कारण बनती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आज हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा जीवन में सफल बने, लेकिन सफलता तभी संभव है, जब बच्चे की रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व के अनुरूप करियर का चयन किया जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों की करियर काउंसलिंग समय की जरूरत बन गई है। काउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों की रुचि, क्षमता और मानसिक स्तर को समझकर उन्हें सही दिशा दी जा सकती है।

कई बार अभिभावक अपनी इच्छाएं बच्चों पर थोप देते हैं, जिससे बच्चे अपनी पसंद का क्षेत्र नहीं चुन पाते और बाद में परेशान होते हैं।




### सोच समझकर करें क्षेत्र का चयन

करियर काउंसलर अभिजीत दत्ता ने बताया कि 10वीं और 12वीं के बाद लिया गया निर्णय विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करता है। इसलिए इस समय विषयों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में हर क्षेत्र में रोजगार और बेहतर अवसर उपलब्ध हैं। सफलता केवल डॉक्टर या इंजीनियर बनने तक सीमित नहीं है। कॉमर्स, आर्ट्स, कृषि, मीडिया, डिजाइनिंग, खेल, संगीत, आईटी, होटल मैनेजमेंट समेत कई क्षेत्रों में युवाओं के लिए उज्ज्वल संभावनाएं मौजूद हैं। जरूरी यह है कि विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विषय और क्षेत्र का चयन करें। सही समय पर सही जानकारी और उचित मार्गदर्शन मिलने से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकते हैं।

### बच्चों की प्रतिभा को दें प्रोत्साहन

विशेषज्ञ कहते हैं कि मनोवैज्ञानिक परीक्षण बच्चों की प्रतिभा और रुचि पहचानने में काफी मददगार साबित होते हैं। इससे यह समझने में आसानी होती है कि बच्चा किस क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे बच्चों की तुलना दूसरों से न करें, बल्कि उनकी क्षमता को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करें। करियर काउंसलिंग का उद्देश्य केवल नौकरी दिलाना नहीं, बल्कि बच्चों को आत्मविश्वासी, संतुलित और खुशहाल जीवन की दिशा देना भी है। सही मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग से बच्चे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। हर बच्चे में अलग प्रतिभा होती है।

### करियर काउंसलिंग का लाभ लें

डॉ. आशुतोष चावला ने कहा कि जिस प्रकार बिना डॉक्टर की सलाह के दवाई नहीं ली जाती, उसी प्रकार बिना करियर काउंसलिंग के भविष्य का निर्णय लेना भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे में अलग प्रतिभा होती है, जिसे समय रहते पहचानना बेहद जरूरी है। कई विद्यार्थी 10वीं के बाद दोस्तों या परिवार के दबाव में विषय चुन लेते हैं, लेकिन बाद में वे खुद को असहज महसूस करने लगते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को अपनी रुचि, पसंद और क्षमता के अनुसार ही विषयों का चयन करना चाहिए।

धर्म-क्षेत्र

## पुरुषोत्तम मास पर कमला एकादशी का महासंगम

**बिलासपुर।** इस वर्ष सूर्य संक्रांति न होने के कारण 'ज्येष्ठ मास' को अधिक मास का दर्जा मिला है, जो कि 17 मई से प्रारंभ होकर 15 जून तक चलेगा। इस पुरुषोत्तम मास के शुक्ल पक्ष में आने वाली 'कमला एकादशी' 27 मई को मनाई जाएगी। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉक्टर दिनेश महाराज ने बताया कि ज्येष्ठ का महीना साक्षात अग्नि



तत्व और सूर्य के प्रभाव का महीना है,जबकि पुरुषोत्तम मास भगवान श्री हरि विष्णु की कृपा का साक्षात स्वरूप है। जब ये दोनों ऊर्जाएं एक साथ मिलती हैं, तो ब्रह्मांड में आध्यात्मिक तरंगों का प्रवाह अत्यंत तीव्र हो जाता है। ऐसी स्थिति में कमला एकादशी का व्रत रखना न केवल पिछले जन्मों के पापों का शमन करता है, बल्कि साधक को घोर दरिद्रता से मुक्ति दिलाकर जीवन में अक्षय धन-वैभव और मानसिक शांति प्रदान करता है। कमला एकादशी के दिन व्रती को ब्रह्म मुहूर्त में उठकर पवित्र स्नान करना चाहिए और भगवान पुरुषोत्तम के साथ माता लक्ष्मी की संयुक्त पूजा करनी चाहिए। इस दिन 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप,विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ और दीपदान करने का विशेष महत्व है। पुरुषोत्तम मास में मांगलिक कार्य जैसे विवाह या गृह प्रवेश वर्जित होते हैं, परंतु साधना, मंत्र दीक्षा, भागवत कथा का श्रवण और निर्धनों को अन्न-वस्त्र का दान करना अनंत गुना फलदायी माना गया है। पंडित दिनेश महराज ने बताया कि भारतीय वैदिक काल गणना अत्यंत वैज्ञानिक और सूक्ष्म सिद्धांतों पर आधारित है। सूर्य वर्ष और चंद्र वर्ष के बीच प्रतिवर्ष लगभग 11 दिनों का अंतर आता है। तीन वर्षों में यह अंतर बढ़कर लगभग एक पूरे महीने के बराबर हो जाता है।

### इस वर्ष 26 एकादशी

पौराणिक कथा के अनुसार, जब इस अतिरिक्त मास को कोई स्वामी नहीं मिला और इसे 'मलमास' कहकर शुभ कार्यों के लिए अयोग्य मान लिया गया, तब इस महीने ने भगवान विष्णु की शरण ली। करुणासागर भगवान श्रीहरि ने इसे अपना सर्वश्रेष्ठ नाम 'पुरुषोत्तम' प्रदान किया और वरदान दिया कि जो भी मनुष्य इस महीने में मेरी भक्ति, व्रत और सत्कर्म करेगा, उसे पूरे वर्ष की पूजा से भी अधिक फल प्राप्त होगा। सामान्यत एक वर्ष में 24 एकादशियां होती हैं, परंतु जिस वर्ष अधिक मास आता है, उस वर्ष इनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। पुरुषोत्तम मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को 'कमला एकादशी' अथवा 'पद्मिनी एकादशी' के नाम से जाना जाता है।

## नवतपा : मंदिरों के गर्भ गृह में लगाए गए एसी, कूलर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवतपा के चलते इन दिनों गर्मी पूरे शबाब पर है। इससे शहरवासियों के साथ पशु-पक्षी भी परेशान है। वहीं मंदिरों में भी भगवान को गर्मी से राहत देने विशेष व्यवस्था की गई हैं। गर्भगृह में एसी और कूलर लगाए गए हैं। भोग-प्रसाद में रसदार शीतल फल अर्पित किए जा रहे हैं।

■ रसदार शीतल फलों के लगाए जा रहे भोग

घोंघाबाबा मंदिर परिसर स्थित खाटू श्याम बाबा मंदिर में गर्मी के दिनों में भगवान श्याम प्रभु के गर्भगृह में लगातार एसी चलाई जाती है। इसके अलावा भोग-प्रसाद में भी बदलाव किया गया है। प्रभु को दही, खीरा, तरबूज, खरबूजा, आम के भोग लगाए जा रहे हैं। इसी तरह सदर बाजार स्थित वेंकटेश मंदिर में भी भीषण गर्मी को देखते हुए भगवान की सेवा में विशेष ग्रीष्मकालीन व्यवस्था की गई है। भगवान को गर्मी से बचाने के लिए गर्भगृह में एसी, कूलर लगाए गए हैं। मंदिर परिसर में शीतलता बनाए रखने खस के पर्दे लगाए गए हैं।



भगवान को हल्के व सूती वस्त्र पहनाए गए हैं। भगवान के भोग में भी परिवर्तन किया गया है। नैवेद्य में तरबूज, खरबूजा और अंगूर जैसे मौसमी फलों को शामिल किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त भगवान को शीतल पेयजल, आम पना, सत्तू और छाछ भोग के रूप में अर्पित किया जा रहा है। तिलकनगर स्थित राम मंदिर में भी भगवान का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### लगाया गया है ग्रीन शेड

मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा का भी ध्यान रखा जा रहा है। चिलचिलाती धूप से बचाव के लिए मंदिर परिसर में ग्रीन शेड लगाया गया है। वहीं वातावरण को ठंडा बनाए रखने के लिए फॉगर मिस्टिंग मशीन लगाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। ठंडे पेयजल की व्यवस्था हेतु वाटर कूलर लगाए गए हैं। वहीं मंदिर परिसर में बेजुबान पशु-पक्षियों एवं गौमाता के लिए पानी की विशेष व्यवस्था की गई है। पक्षियों के लिए जगह-जगह पानी के सकोरे टांगे गए हैं। गौमाता एवं अन्य पशुओं के लिए पानी की टंकियां और नांद रखी गई हैं।

## लोकगीत, संवाद प्रस्तुति में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**बिलासपुर।** केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिलासपुर में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप का समापन मंगलवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस दौरान प्रतिभागी बच्चों ने भाषा शिक्षण, कविता पाठ, लोकगीत, संवाद प्रस्तुति, कहानी वाचन, नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और विभिन्न भाषाओं की विशेषताओं को समझा।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की भाषाई विविधता हमारी सांस्कृतिक शक्ति है और विद्यार्थियों को विभिन्न भारतीय भाषाओं से परिचित कराना राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।




केवि में भारतीय भाषा समर कैंप का समापन

समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी, संस्कृत, ओड़िया एवं अन्य भारतीय भाषाओं से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम समन्वयक सुनील पाण्डेय ने बताया कि भारतीय भाषा समर कैंप का मुख्य उद्देश्य भारत की भाषायी विविधता में निहित मूलभूत एकता से प्रतिभागियों को परिचित कराना, विद्यार्थियों में भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि, सम्मान एवं सांस्कृतिक समन्वय की भावना विकसित करना रहा।

## गंगा दशहरा के अवसर पर सतत सुंदर कांड

**बिलासपुर।** पुरुषोत्तम मास में गंगा दशहरा के पावन अवसर गिरधर विहार में निर्मल एवं पूजा देवांगन द्वारा शुभमविहार में मानस मंडली के सतत 206वें सुंदर कांड का आयोजन किया गया। पाठ के पश्चात प्रधानमंत्री से अपील की गई कि पराधीनता के चिह्नों से भारत की मुक्ति और स्व का अधिष्ठान उनके एजेंडा में प्रमुख स्थान रखता है। पराधीनता का एक बड़ा चिह्न है, कैलेण्डर इस पर विस्तृत जानकारी देते ललित हीरालाल गर्ग ने बताया कि मुस्लिम शासनकाल में भी हमने हिजरी कैलेण्डर को नहीं अपनाया था और अपने भारतीय पञ्चांग पर ही टिके रहे थे, किन्तु अन्ग्रेज़ी शासनकाल में शासकीय कार्यों में हम पर जो ग्रेगोरियन कैलेण्डर थोप दिया गया, स्वाधीनता के पश्चात भी इसे ही चलाएं रखा। स्वतंत्र भारत की पहली सरकार ने इसको बदलने महान वैज्ञानिक मेघनाद साहा के नेतृत्व में एक समिति का भी गठन किया था जिसे



भारत के लिए राष्ट्रीय कैलेण्डर की अनुशंसा करने का दायित्व दिया गया था। इस समिति ने पाया था कि देश के विभिन्न भागों में भिन्न भिन्न पञ्चांग प्रचलन में हैं और अन्त में समिति ने शालिवाहन शक सम्वत के अंतर्गत अयन आधारित सौर पञ्चांग की अनुशंसा की थी. सरकार ने इस अनुशंसा को स्वीकार करते हुए 1957 ईस्वी में इसे देश के राष्ट्रीय कैलेण्डर के रूप में मान्यता दी थी।

जैसे ग्रेगोरियन कैलेण्डर में चलते हैं, यह सामान्यतया ग्रेगोरियन वर्ष से 78 वर्ष पीछे चलता है। अखिलानंद पांडेय, ललित अग्रवाल, ए के स्वर्णकार, सुरेंद्र दुबे, प्रमोद अवस्थी, डीपी सक्सेना, अखिलेश द्विवेदी, भूपेंद्र यादव, दीपक यादव, स्तुति देवांगन, कपिल नाथ देवांगन सहित बड़ी सँख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम

## वसंती को साहित्य वाचस्पति की मानद उपाधि मिलने पर सम्मान




**बिलासपुर।** प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी ने मंगलवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें हिंदी साहित्य अकादमी गांधीनगर अहमदाबाद गुजरात द्वारा वसंती वर्मा को साहित्य वाचस्पति की मानद उपाधि प्रदान किए जाने पर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति चंद्रभूषण वाजपेई ने कहा कि श्रीमती वर्मा ने छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह मोर अंगना के फूल को विमर्श के साथ प्रकाशित कर एक उपलब्धि हासिल की है। उनके सम्मान में यह आयोजन समसामयिक है। अध्यक्ष की आसंदी से वरिष्ठ साहित्यकार डॉ विनय कुमार पाठक ने कहा कि हिंदी साहित्य अकादमी गुजरात द्वारा श्रीमती वर्मा को यह सम्मान मिलना छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए गौरव की बात है। विशिष्ट अतिथि डॉ विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि गुजरात साहित्य अकादमी के रजत जयंती समारोह में उन्हें राजभाषा रत्न से सम्मानित करना और वसंती वर्मा को साहित्य वाचस्पति की मानद उपाधि प्रदान करना उनके लिए यादगार पल रहा। विशिष्ट अतिथि विष्णु कुमार तिवारी ने वसंती वर्मा के योगदान को प्रासंगिक बताया। अतिथियों का स्वागत डॉ रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने किया। कवियित्री वसंती वर्मा को श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। डॉ गजेंद्र तिवारी ने अभिनंदन पत्र भेंट किया।

स्पोर्टर्स न्यूज

## प्रदेश की टीम पहुंची नेशनल बेसबाल के क्वार्टर फाइनल में

**बिलासपुर।** प्रदेश की बालक-बालिका की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नेशनल बेसबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बेसबॉल संघ की महासचिव सुश्री मिताली घोष ने बताया कि 31वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप 24 से 29 मई तक केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ओड़िशा में आयोजित की जा रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका बेसबॉल टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है। बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ टीम ने अपने दूसरे लीग मुकाबले में कर्नाटक टीम के खिलाफ एकतरफा प्रदर्शन करते हुए मैच 9-1 से अपने नाम किया। खिलाड़ियों ने बेहतरीन पिचिंग, शानदार फील्डिंग एवं आक्रामक हिटिंग का प्रदर्शन कर शुरुआत से ही मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी। वहीं बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ टीम ने अपने लीग चरण के अंतिम मुकाबले में केरल टीम के खिलाफ शानदार खेल दिखाते हुए 2-2 से मैच ड्रॉ खेला। टीम ने पूरे मैच में संयम और आत्मविश्वास के साथ खेलते



हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। लीग चरण में शानदार प्रदर्शन के बाद प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले छत्तीसगढ़ बालक टीम ने तेलंगाना टीम के खिलाफ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 9-3 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं बालिका टीम ने भी प्री-क्वार्टर फाइनल में दिल्ली टीम को 8-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, तेज फील्डिंग एवं शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। बालक टीम में संजू, राहुल, चंद्रेश, हर्षवर्धन, दीपक, कमल एवं पंकज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं बालिका टीम में कामिनी, मुकेश, रागिनी, सोनाली, खुशी एवं आयुषी ने शानदार खेल दिखाकर टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। महासचिव सुश्री मिताली घोष ने बताया कि दोनों टीमों के लगातार शानदार प्रदर्शन से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है और पूरी टीम पदक जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। टीम के कोच एवं मैनेजर अख्तर खान, लखन लाल देवांगन, चेतना देवलिया, पायल साखरे एवं संदीप गाहिरे खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

## बच्चों को किया जा रहा आगामी प्रतियोगिता के लिए तैयार

गर्मी की छुट्टी के साथ ही अब बच्चे ग्राउंड में भी नजर आने लगे हैं। शहर के साथ रेलवे के नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में करीब 500 से अधिक बच्चों को अलग-अलग खेल का प्रशिक्षण देकर उसकी बारिकियों से अवगत कराया जा रहा है। इसी तरह देवकीनंदन स्कूल के बास्केटबाल में खेल एवं युवा कल्याण विभाग और स्थानीय स्तर पर बास्केटबाल का प्रशिक्षण शिविर शुरु कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बास्केटबाल कोच आनंद सिंह ने बताया कि सुबह से शाम तक तेज धूप के कारण बच्चे ग्राउंड में नहीं पहुंच पा रहे थे, इसे देखते हुए प्रशिक्षण शिविर शाम को शुरु किया गया है। शाम 5 बजे से लेकर रात 8 बजे तक ग्राउंड में आने वाले बच्चों को खेल की बारिकियां बताई जा रही है।

**500 से अधिक बच्चों को अलग-अलग खेल का प्रशिक्षण देकर उसकी बारिकियों से अवगत कराया जा रहा**





## खबर संक्षेप

### कल होगा ईद-उल-जुहा का अवकाश

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार वर्ष 2026 के सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश की सूची में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में "ईद-उल-जुहा (बकरीद)" पर्व हेतु 27 मई बुधवार को घोषित सार्वजनिक अवकाश को संशोधित करते हुए अब 28 मई गुरुवार को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

### निःशुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यशाला 7 जून को

**मुंगेली।** डॉ. भीम राव आम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय 10 वी एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा 2026 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी जाति वर्ग के प्रतिभावान छात्रों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 7 जून रविवार को प्रातः 11 बजे से दो सत्र में किया जा रहा है। प्रथम सत्र में कैरियर गाइडेंस एवं द्वितीय सत्र में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम होगा। जिसमें जिले के समस्त शासकीय अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्रा अपने रिजल्ट के इंटरनेट कॉपी और अपने एक अभिभावक के साथ उपस्थित हो सकते हैं। पूर्व से पंजीयन भी करा सकते हैं।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से पानी की समस्या

**दगोरी।** कुर्मी धर्मशाला के पास लगा ट्रांसफार्मर और गांव के अन्य ट्रांसफार्मर में खराबी होने के कारण गांव में पानी की समस्या और गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। रबी फसल चौपट होने की कगार में है। किसान श्रवण कौशिक ने बताया कि विभाग को सूचना देने के बावजूद समस्या का हल नहीं हो रहा है। प्रशासन अनदेखा कर रहा लगभग दो एकड़ में मूंग की फसल सूख चुकी है। अगर तत्काल पानी नहीं मिला तो फसल खराब हो जाएगी। विगत 15 दिनों से ट्रांसफॉर्मर खराब है।

### शराब पीने से मना करने पर मारपीट

**तखतपुर।** शराब पीने कर गाली गलौज करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम मूर्तिपारा निवासी तारण कुर्रे 24 मई की रात 10 बजे अपने घर के आंगन में खाना खा रहा था। उसी समय गांव का ही कर्रा सतनामी शराब के नशे में आया और बाहर में गाली गलौज करने लगा। मना करने उसने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 3,5 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### संशोधित तिथि में कल आयोजित होगा मेडिकल बोर्ड

**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में आयोजित होने वाले जिला मेडिकल बोर्ड की तिथि में संशोधन किया गया है। शारीरिक योग्यता प्रमाण पत्र मेडिकल फिटनेस हेतु प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाला मेडिकल बोर्ड इस बार शासकीय अवकाश के कारण गुरुवार 28 मई को आयोजित किया जाएगा। इसके तहत 28 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक पंजीयन किया जाएगा। संबंधित आवेदकों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन कराने कहा गया है।

### आवासीय विद्यालय में दो सीटों पर होगी बालकों की भर्ती

**मुंगेली।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में कक्षा 11वीं विज्ञान एवं कला संकाय में लेटरल एंट्री के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए 2 सीटों पर केवल बालकों के लिए प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। छात्रों का चयन पूरी तरह से कक्षा 10वीं में प्राप्त अंकों की मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक छात्र 23 मई से 5 जून तक विद्यालय कार्यालय से सुबह 10 से दोपहर 2 बजे के बीच अपना आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए, छात्रों को पूर्ण रूप से भरे हुए फॉर्म के साथ कक्षा 10वीं की अंकसूची मार्कशीट की छायाप्रति और अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर कार्यालय में जमा करना होगा। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 5 जून, दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है और इसके पश्चात किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। प्रवेश से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए छात्र या उनके अभिभावक कार्यालयीन समय के दौरान सीधे विद्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### जनदर्शन में 145 से अधिक नागरिकों ने रखीं समस्याएं



**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में 145 से अधिक नागरिक अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर पहुंचे। एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर समस्याओं की वस्तुस्थिति जानी और विभागवार अधिकारियों को समय-सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम छटन के केजाराम साहू ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, ग्राम झोंका के मनीष ने राशन कार्ड से नाम कटवाने, ग्राम बरमपुर के कीर्तन कुर्रे ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ दिलाने, नगर पालिका क्षेत्र के संजू जायसवाल ने आधार कार्ड में नाम संशोधन कराने, तेलियापुरान के जयकुमार साहू ने पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने तथा ग्राम जगताकापा की दुखनी ने जमीन सीमांकन की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया।

### पुराने बस स्टैंड के पास कब्जा हटाने पहुंची थी टीम

# विरोध के बाद खाली हाथ लौटा पालिका का अतिक्रमण रोधी दस्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पुराना बस स्टैंड के पास अवैध कब्जे को हटाने पहुंची नगर पालिका और प्रशासनिक टीम को फजीहत का सामना करना पड़ा। बिना किसी पुख्ता तैयारी के पहुंची सरकारी अमले की टीम को राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते बिना कोई कार्रवाई के ही खाली हाथ लौटना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, प्रशासन को पुराना बस स्टैंड स्थित अपोलो फार्मेसी द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत मिली थी। इसके बाद प्रशासनिक अमला दलबल के साथ मौके पर कार्रवाई करने पहुंचा, जैसे ही टीम ने कार्रवाई शुरू करने की कोशिश की, मौके पर हड़कंप मच गया। देखते ही देखते कुछ रसूखदार और राजनीतिक दलों से जुड़े नेता वहां पहुंच



गए। नेताओं ने कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हुए अधिकारियों को घेर लिया। टीम बिना किसी तैयारी और योजना के सिर्फ औपचारिकता निभाने आई थी। घंटों चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद आखिरकार सरकारी अमला बिना कोई बुलडोजर चलाए या अवैध कब्जा हटाए लौट गया। इस घटना के बाद स्थानीय जनता में प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि प्रशासन केवल आम और गरीब दुकानदारों पर ही अपनी ताकत दिखाता है, जबकि रसूखदारों और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोगों के आगे घुटने टेक देता है। इस पूरे मामले पर जब प्रशासनिक अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने कहा की नक्शे एवं नजूल भूमि के अनुसार कुछ त्रुटियां है जिनकी जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है रिपोर्ट आने के पश्चात कार्रवाई की जाएगी।

## जैन साध्वी की मृत्यु पर आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मध्य प्रदेश के रीवा शहर में सड़क हादसे में जैन साध्वी की मृत्यु से समाज के लोगों में आक्रोश है। समाज के अनूप जैन ने बताया कि सागर महाराज एवं सुधा सागर महाराज के निर्देशानुसार पूरे देश में देश के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के सभी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने का निर्देश हुआ था।

पूरे देश के जैन समाज ने स्पष्ट लिखित में समाज ने अपनी मांग रखी है कि जैन गुरुओं की सुरक्षा हेतु सरकार वचनबद्ध हो एवं सुरक्षा हेतु कुछ विशेष कदम उठाएं। जिसमें




अहिंसा मार्ग में चलने वाले जैन साधु एवं साध्वी की सुरक्षा हो सके। इसी क्रम में मुंगेली शहर से पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग ने मौन रैली निकालते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए कलेक्टर परिसर पहुंचकर एडीएम निष्ठा पांडे तिवारी को ज्ञापन सौंपा।

### जैन साध्वी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु, समाज ने सौंपा ज्ञापन

पेंड्रा। रीवा क्षेत्र में जैन साध्वी की सड़क दुर्घटना में हुई दुखद मृत्यु को लेकर जैन समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में संपूर्ण भारत के जैन समाज द्वारा शांतिपूर्ण मौन जुलूस निकालने का आवाहन किया गया था। इसी क्रम में पेंड्रा जैन समाज ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जैन समाज पेंड्रा के अध्यक्ष, पदाधिकारियों, महिलाओं एवं समाजजनों ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले के आरोपी के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई करते हुए कड़ी सजा देने की मांग की। समाज के लोगों ने घटना को गंभीर बताते हुए इसकी निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी उठाई। ज्ञापन में जैन साधु-साध्वियों के पैदल विहार के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान पेंड्रा सहित गौरेला, खोडरी एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जैन समाज के पदाधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कर्मचारी करेंगे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय का घेराव, सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** छ. ग. लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा के बेनर तले आदिवासी विकास विभाग मुंगेली में कार्यरत आकस्मिक निधि भृत्य कर्मचारी अपने नियमित वेतनमान पर रोक हटाने 15 जून को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर आदिवासी विकास विभाग कार्यालय मुंगेली का घेराव करेंगे। जिला विभागीय समिति आदिवासी विकास विभाग मुंगेली के बैठक में कर्मचारियों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वेतनमान पर रोक हटाने के लिए विभागीय कार्यालय का घेराव किया जाए। इसी के तहत 26 मई को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मुंगेली से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही वेतनमान पर रोक हटाने हेतु अनुरोध किया गया। निर्धारित समयावधि में निराकरण नहीं किया जाता है तो विभागीय कर्मचारी 15 जून को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर आदिवासी विकास विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे।

## शहर में विकास के नए आयाम स्थापित होंगेः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा राज्य में शहरी विकास को गति देने के लिए 'आदर्श शहर समृद्धि योजना' की शुरुआत की गई है । स्थानीय विधायक एवं राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के विशेष प्रयासों से इस महत्वाकांक्षी योजना के प्रथम चरण में बिलासपुर संभाग से नगरपालिका परिषद लोरमी का गौरवपूर्ण चयन किया गया है । योजना के तहत पहले चरण में पूरे प्रदेश से कुल 32 नगरीय निकायों को शामिल किया गया है, जिसमें लोरमी भी अपनी जगह बनाने में सफल रहा है ।

■ आदर्श शहर समृद्धि योजना के प्रथम चरण में लोरमी का चयन

इस योजना के अंतर्गत लोरमी शहर की मूलभूत और आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप चौतरफा विकास कार्य कराए जाएंगे । मुख्य रूप से शहर में सड़कें, बेहतर ड्रेनेज (निकासी) व्यवस्था, स्वच्छ जलापूर्ति, परिवहन सुविधाएं, आधुनिक पार्क, आवास, और हरित क्षेत्रों का निर्माण किया जाएगा । इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक सेवाओं का विस्तार, रोजगार एवं व्यापार-उद्यमिता को प्रोत्साहन, ई-गवर्नेंस, स्मार्ट ट्रैफिक, सुरक्षा प्रणाली, जल संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे दूरदर्शी कार्यों को भी इस योजना में शामिल किया गया है ।

नगरपालिका लोरमी के अध्यक्ष, पार्षदों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर शहर की प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों का चयन किया जाएगा । कार्यों की मॉनिटरिंग और चयन के लिए शासन द्वारा बिलासपुर संभाग स्तरीय समिति का गठन किया जा चुका है, जिसमें संयुक्त संचालक (अध्यक्ष), कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता और मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सदस्य सह सचिव) शामिल हैं। यह समिति अगले 15 दिनों के भीतर प्रस्तावित कार्यों के स्थलों का निरीक्षण कर प्राथमिकता सूची और अनुमानित राशि का विवरण तैयार कर शासन को सौंपेगी। नगरपालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने इस योजना में नगर पालिका लोरमी को शामिल किए जाने पर पर स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है और विश्वास जताया है, कि इस योजना से लोरमी एक आदर्श, स्वच्छ और समृद्ध शहर के रूप में उभरेगा।

## सोसाइटी में बांटा जा रहा खराब गुणवत्ता का चावल

### राइस मिलर्स से चावल लेते समय क्वालिटी की अनदेखी




हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

नगर में क्वालिटी चेक सही नहीं होने के कारण निम्न गुणवत्ता का चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों से राशनकार्डधारियों को वितरित किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कुदरी की राइस मिल का लॉट नम्बर 6362 के चावल में ब्रोकन परसेंटेज ज्यादा है और उसमें डस्ट एवं चाकी दाना की मात्रा सामान्य आंखों से देखी जा सकती है। इन सब के होते हुए नान के क़्वालिटी इंसपेक्टर द्वारा चावल पास कर दिया गया। राशनकार्ड धारी बाबूलाल का कहना है कि जो मिल जाता है वो उसी में खुश है। देवकी बाई का कहना हैं कि बीच बीच में इस प्रकार के चांवल की आपूर्ति होती रहती है। इस लॉट नम्बर की खेप थोड़ी बहुत नहीं बल्कि 580 बोरियो की है।

यह मरवाही सोसाइटी कितनी मात्रा में पहुचा और कितनों को वितरित किया गया, यह जांच का विषय है। अगर यह चावल क़्वालिटी चेक में मापदंड में खरा नहीं उतरा तो इसकी वापसी कैसे होगी यह विचारणीय है।

#### होगी गुणवत्ता जांच

चावल की क़्वालिटी चेक करने का काम नॉन के क़्वालिटी इंस्पेक्टर का होता है। हमें उसका वितरण एवं अलॉटमेंट हितग्राहियों के अनुसार करना होता है। गुणवत्ता खराब है तो उसकी जांच की जाएगी एवं आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**-आशीष पांडेय,** फूड इंस्पेक्टर, मरवाही

### दाऊदी बोहरा समाज आस्था के साथ मनाया ईद-उल-अजहा

तखतपुर। दाऊदी बोहरा समाज ले ईद-उल-अजहा , धार्मिक आस्था एवं भाईचारे के साथ मनाया। इस्लाम धर्म में बकरीद का विशेष महत्व माना जाता है। यह त्योहार त्याग, समर्पण, कुर्बानी और इंसानियत का संदेश देता है। हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की अल्लाह के प्रति अटूट आस्था और कुर्बानी की याद में यह पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर समाज के लोगों ने सुबह मस्जिद परिसर में एकत्रित होकर विशेष नमाज अदा की। मुल्ला ताहेर भाई द्वारा ईद की नमाज पढ़ाई गई। नमाज के बाद देश, समाज एवं विश्व में अमन, शांति, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी गई। साथ ही सैय्यदना साहब की उम्रदराजी एवं स्वस्थ जीवन के लिए विशेष दुआ की गई। समाज के लोगों ने परंपरानुसार कुर्बानियां दीं तथा एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव एवं उल्लास का वातावरण बना रहा। जरूरतमंदों की सहायता कर सेवा, मानवता और आपसी सौहार्द का संदेश भी दिया। इस अवसर पर शेख शब्बीर कपासी, शब्बीर शाम, कुतुबुद्दीन भारमल, मुल्ला शब्बीर लक्ष्मीधर, ताहेर लक्ष्मीधर, यूसुफ वनक, सादिक कपासी, अब्बास हिरानी, जाकिर कपासी, परवेज भारमल सहित अन्य उपस्थित रहे।



### शिविर में की गई 125 लोगों की स्वास्थ्य जांच



**दगोरी।** श्री बालाजी स्टील एंड मेटल प्रालि में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 26 मई को आयोजित शिविर में 75 लोगों ने रक्तदान किया तथा 125 लोगों की जांच की गई। शिविर में कारखाना चिकित्सा अधिकारी डा. मितेश सेन, डा. मनीष नायक, डा. प्रकाश महंत ने अपनी सेवाएं दी। शिविर का आयोजन बिलासा ब्लड बैंक बिलासपुर के सहयोग से किया गया। शिविर का लाभ बड़ी संख्या में श्रमिक तथा आसपास के ग्रामवासियों ने लिया। इस दौरान मरीज की बीपी, शुगर, ब्लड ग्रुप, एल्ब्यूमिन शुगर यूरिन एल्ब्यूमिन शुगर ऊंचाई वजन इत्यादि जांच की गई। कार्यक्रम में संस्थान के महाप्रबंधक अमित सिंह, केके शर्मा, वासुदेव, चंद्र प्रकाश टंडन, डब्ल्यू शर्मा, अमरेश सिंह के साथ ही ब्लड बैंक कर्मचारी, बालाजी स्टील एंड मेटल प्रालि के कर्मचारी, श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दादनकापा में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर




**लोरमी।** ग्राम दादनकापा में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को ग्रीष्मऋतु जन्य व्याधियों एवं ग्रीष्म ऋतुचर्या के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ. संदीप कुमार श्रीवास ने गर्मी के मौसम में होने वाली सामान्य समस्याओं जैसे लू लगना, डिहाइड्रेशन, त्वचा संबंधी समस्याएं एवं पाचन विकारों से बचाव हेतु आवश्यक उपाय बताए। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली, पर्याप्त जल सेवन, संतुलित आहार एवं आयुर्वेदिक दिनचर्या अपनाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गोदावरी ध्रुव, सहायिका सुनीता ध्रुव एवं हाथीराम यादव का सहयोग रहा। शिविर में कुल 95 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं आयुष औषधियों का निःशुल्क वितरण किया गया। ग्रामीणों ने आयुष विभाग की इस पहल की सराहना की।

### पोस्टमैन की बाइक से खाली सिलेण्डर पार



**लोरमी।** पोस्टमैन की बाइक से खाली सिलेण्डर लेकर अज्ञात आदमी चंपत हो गया। पीड़ति ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। अज्ञात का वीडियो फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार नगर के पोस्ट आफिस के सामने पोस्टमैन अशोक पूरी गोस्वामी पिता आजु पूरी गोस्वामी ग्राम देवरहट अपनी पत्नी सुशीला गोस्वामी के नाम का घरेलू खाली सिलेण्डर भराने मंगलवार की सुबह 9 बजे आया था। इस दौरान वह सिलेंडर सामने रखकर पोस्ट आफ़िस में ड्यूटी में लगा रहा। वह जब ड्यूटी कर लौटा तो देखा उसका खाली सिलेंडर गायब है। आसपड़ोस पतासाजी की लेकिन सिलेंडर नहीं मिला। पड़ोस में सीसीटीवी फुटेज देखा तो मंगलवार को सुबह 11.47 बजे एक अज्ञात तत्व बाइक से सिलेंडर उठाकर तेजी से निकलता दिख रहा है। अब उसकी करतूत सीसीटीवी में कैद होकर सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

### मल्हार नगर पंचायत कार्यालय में लगा शिविर

# हितग्राहियों को मिली योजनाओं की जानकारी

**मल्हार।** सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं मांगों के 883 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कुछ आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में लोगो को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में सबसे ज्यादा 365 आवेदन भूमिहीन लोगों की आई जिन्होंने आवास बनाने जमीन की मांग की।

वहीं महतारी वंदन योजना के 75, पीएम आवास योजना के 119 आवेदन मिले। इसी तरह आवासीय पट्टा के 54, विश्वकर्मा योजना के 42, निर्माण कार्य के 38, विद्युत समस्या के 25, अवैध कब्जा के



27, पेंशन के 27, सड़क चौड़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी से 11, राशन कार्ड के लिए 15, राजस्व से सम्बंधित 11, किसान सम्मान निधि के 5, इसके अलावा बोर खनन, स्वनिधि योजना, स्वच्छता, पानी समस्या, थाना की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर नगरवासियों ने आवेदन दिया। सीएमओ अनुभव सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए शासन प्रशासन लगातार प्रयास कर रहे है।

#### पीडब्ल्यूडी पर नाराजगी

शिविर में प्रायः सभी विभाग के स्टाल लगे थे जहां अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे परंतु पीडब्लूडी के स्टाल में कोई भी नजर नहीं आए जिससे वार्ड 8 के पार्षद पीयूष पाटले ने नाराजगी जाहिर करते हुए शिविर को केवल खानापूर्ति का जरिया बताया जहां सिर्फ आवेदन लेकर हितग्राहियो को वापस भेज रहे है। उन्होंने सबसे ज्यादा आवश्यक व सबसे ज्यादा विभिन्न शिविरों में बस स्टैंड से मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण के आवेदन आए हैं जो पीडब्ल्यूडी विभाग को करना है, उनकी उपस्थिति ना होना समझ से परे है।

## संविदा भर्ती प्रक्रिया में देरी, लापरवाही सीएमएचओ, जिला प्रबंधक को नोटिस

**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम अंतर्गत संविदा भर्ती प्रक्रिया में देरी और प्रशासनिक लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जारी नोटिस के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा स्वीकृत संविदा पदों पर भर्ती के लिए शासन स्तर से पूर्व में अनुमति प्राप्त होने के बावजूद निर्धारित समयावधि में पदपूर्ति नहीं की जा सकी। जिसके कारण स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। नोटिस का जवाब 3 दिनों के भीतर प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जारी नोटिस में आयुष्मान कार्ड एवं आभा कार्ड निर्माण के लक्ष्यों की पूर्ति, गैर संचारी रोग कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों की पहचान एवं उपचार, डीएमएफ प्रस्तावों की जानकारी, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भूमि आबंटन तथा भवन निर्माण, झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई, टीकाकरण एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त की गई है। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य सचिव द्वारा भी भर्ती प्रक्रिया को समय पूर पूर्ण करने एवं पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन की मंशानुसार सभी चयन प्रक्रियाएं निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नियम सम्मत ढंग से पूर्ण की जाएंगी। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप

### यूपीएससी ने 194 पदों पर निकाली भर्ती

**बिलासपुर।** संघ लोक सेवा आयोग ने विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में ग्रुप ए और ग्रुप बी के 194 पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के माध्यम से डीजीसीए, पीईएसओ, डाक विभाग, आईएमएडी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, रक्षा मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय सहित कई विभागों में भर्ती की जाएगी। उम्मीदवार यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### सीटेट के लिए आवेदन 10 जून तक

**बिलासपुर।** सीबीएसई ने सीटेट के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सीटेट परीक्षा 6 सितंबर को होगी। इसके ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। आवेदन 10 जून की मध्य रात्रि तक होंगे। शुल्क भी 10 जून तय की गई है। ऑनलाइन सुधार के लिए 15 से 18 जून तक विंडो खुलेगा। परीक्षा ऑफलाइन होगी।

### सेना भर्ती परीक्षा 1 जून से दो चरणों में

**बिलासपुर।** भारतीय सेना ने भर्ती साल 2027 के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा 1 जून से 5 जून 2026 तक और 8 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी किए जाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। परीक्षा के लिए बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर समेत 5 शहरों में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा प्रतिदिन 3 से 4 शिफ्टों में आयोजित होगी। पंजीकृत अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और चयन केवल मेरिट के आधार पर किया जाएगा। अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की गई है कि वे नौकरी दिलाने का दावा करने वाले दलालों और बिचौलियों से सावधान रहे।

### 3 युवकों पर धारदार हथियार से हमला

**बिलासपुर।** ढाबा में खाना गए तीन युवकों के साथ 6 - 7 युवकों ने



जबरिया गाली गलौज कर डंडा, पाइप, पत्थर से मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमलाकर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों को गिरफ्तार लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, तारबाहर शीतला मंदिर निवासी हर्ष पटेल पिता लाखन सिंह पटेल अपने दोस्त आदित्य मुदलियार, आदित्य साहू के साथ 25 मई की रात सकरी भवानी ढाबा खाना खाने गए थे। रात 2 बजे खाना खाने के बाद तीनों ढाबा से बाहर निकले। बाहर में खड़े 6 से 7 युवक उनके साथ जबरिया गाली गलौज करने लगे। उन्होंने गाली देने से मना किया तो युवकों ने डंडा, पाइप, पत्थर से मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर तीनों युवकों को जख्मी कर दिया है। उनका मोबाइल जमीन में पटकर तोड़ दिया है। हर्ष पटेल हमलावरों में एक युवक सुमित यादव को पहचानता है। पुलिस ने हर्ष की रिपोर्ट पर सुमित यादव व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 191, 2, 296, 324, 4, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी सुमित यादव पिता गोविंद यादव अशोक नगर सरकंडा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं ढाबा संचालक राजकुमार पमनानी जबड़ापारा, उमेश शर्मा कुदुदंड, निशांत गुप्ता तारबाहर निवासी को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

**लेटलतीफी** छोटे-से-छोटे काम के लिए भी प्रशासनिक स्वीकृति और निर्माण एजेंसियों पर निर्भरता पड़ रही भारी

# सालों से अटके हैं करोड़ों के कई काम, अब स्कूलों में सुधरेंगे जर्जर शौचालय और भवन

**बिलासपुर।** जिले सहित प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छोटे निर्माण और मरम्मत कार्यों में होने वाली लेती लतीफी को खत्म करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। विभाग अब शाला विकास समिति (एसएमसी) को वित्तीय रूप से अधिक अधिकार देने की तैयारी में है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, अब एसएमसी को 2 लाख रुपए तक के निर्माण और मरम्मत कार्य सीधे खुद कराने का अधिकार देने पर शासन स्तर पर गंभीरता से विचार चल रहा है। इस प्रस्ताव के लागू होने से स्कूल स्तर पर ही शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, पेयजल व्यवस्था और भवन मरम्मत जैसे कार्य बेहद तेजी से स्थानीय स्तर पर कराए जा सकेंगे। ध्यान रहे कि वर्तमान में छोटे-से-छोटे काम के लिए भी प्रशासनिक स्वीकृति और निर्माण एजेंसियों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे काम महीनों और सालों तक अटके रहते हैं। अब इस नई



#### इस तरह के काम अटके पड़े

- प्रदेश में लगभग 300 छात्रावासों के काम अटके हैं
- 350 से अधिक स्कूलों में शौचालय के काम अधूरे या लंबित
- करीब 4 हजार स्कूल भवनों से जुड़े कार्य अभी भी लंबित हैं
- वर्ष 2024-25 और 2025-26 के कार्य बजट होने के बावजूद पूरे नहीं

व्यवस्था के तहत बच्चों की संख्या के आधार पर एसएमसी अध्यक्ष और सचिव की नियुक्ति प्रक्रिया में भी बदलाव किया जा सकता है। समिति को पारदर्शी और मजबूत बनाने के लिए इसमें महिलाओं की 50 फीसदी भागीदारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने की तैयारी है। इससे स्कूलों के प्रबंधन में पालकों (अभिभावकों) की भूमिका और मजबूत होगी।

#### छोटे कामों को प्राथमिकता नहीं देतीं एजेंसियां

जानकारी के मुताबिक वर्तमान व्यवस्था में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकांश सिविल (निर्माण) कार्य कलेक्टर के माध्यम से निर्माण एजेंसियों (जैसे पीडब्ल्यूडी या आरईएस) को दिए जाते हैं। लेकिन बड़ी एजेंसियां इन छोटे-छोटे निर्माण कार्यों को प्राथमिकता नहीं देतीं, जिससे राशि स्वीकृत होने के बाद भी काम वर्षों तक धूल खाते रहते हैं। इसलिए शाला विकास समितियों को 2 लाख रुपए तक के निर्माण कार्यों का अधिकार दिए जाने पर फैसला लिया जा रहा है।

#### प्रदेश में 38 हजार सरकारी स्कूल

गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश में करीब 38 हजार सरकारी स्कूल संचालित हैं। इनमें लगभग 22,400 प्राथमिक, 11,000 मिडिल, 1,800 हाईस्कूल और 2,900 हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। नई व्यवस्था लागू होने पर स्कूल स्तर पर ही बुनियादी जरूरतों (शौचालय, पेयजल, अतिरिक्त कक्ष, भवन मरम्मत और खेल सामग्री) पर तुरंत निर्णय लिया जा सकेगा।

#### जल्द ही प्रदेश भर में लागू होगा

शाला विकास समितियों को 2 लाख रुपए तक के निर्माण कार्यों का अधिकार देने पर गंभीरता से विचार चल रहा है। उच्च अधिकारियों से अंतिम निर्देश प्राप्त होते ही इसे प्रदेशभर में लागू किया जाएगा।

- **किरण कौशल**, आयुक्त, समग्र शिक्षा मिशन, छग

बीती रात नर्मदा नगर क्षेत्र में केबल जलने के कारण 5 घंटे बंद रही बिजली

# शाम होते ही कई इलाकों में छाया अंधेरा लोड बढ़ते ही ट्रांसफार्मर की निकल रही हवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोगों के मुंह से हाय गर्मी के साथ ही हाय बिजली निकलने लगी है, जैसे-जैसे तापमान उपर जा रहा है, ट्रांसफार्मर जवाब देने लगा है। वहीं लाइनमेन की समस्या से जुझ रहे विभाग के पास सुधार कार्य में हो रही देरी का जवाब भी नहीं है। ऐसे में उपभोक्ताओं का गुस्सा लगातार फूट रहा है।

- पूरे दिन मेंटनेंस, रात भर बिजली ठप

बीती रात नेहरू नगर सबस्टेशन से महज एक किलो मीटर की दूरी में स्थित नर्मदा नगर में रात 9 से 2 बजे तक बिजली बंद रही, इस दौरान इसे सुधार कार्य के लिए कर्मचारी तक नहीं थे, जिसे चलते मरम्मत में देरी हुई है, गर्मी का पारा 45 डिग्री होने के कारण उपभोक्ताओं के सब्र का बांध भी टूटने लगा है। इसके साथ ही मंगलवार की शाम आई ट्रीपिंग की वजह से इंदू चौक, मंदिर चौक, अज्ञेय नगर, मसानगंज, लिंक रोड, राजेन्द्र नगर चौक जैसे इलाकें अंधेरे में डूबे रहे। इस दौरान उपभोक्ताओं ने फ्यूज कॉल नंबर पर संपर्क किया लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिल सका। खास बात यह है कि नेहरू नगर डिवीजन के अधिकारी भी फोन नहीं उठाएं जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।





#### मसानगंज में बिजली की आंखमिचौली

मसानगंज में लोड का असर काफी बढ़ गया है, कम क्षमताओं के ट्रांसफार्मर लगातार खराब हो रहे है, वहीं डियो खराब होने के कारण बिजली की आंखमिचौली जारी है। सुबह से रात तक करीब 5 से 7 बार बिजली बंद हो रही है, हर बार घंटें भर के लिए बिजली जाने से लोगों को भरी गर्मी में राहत नहीं मिल रही है।

#### मौसम पूरी तरह से शुष्क पारा 44.5 डिग्री

सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को तापमान में मामूली कमी देखी गई लेकिन इसका असर होता नहीं दिखा। आसमान से अंगारे बरसने के लिए लोगों को सूरज के किरणों के आगे झुलसना पड़ा। हालत यह रही है कि कई लोगों को दस्त लगने, पेट में दर्द, पैरों व आंखों में दर्ज की समस्या रही।

### बिजली बंद से त्रस्त युवक ने बिजली ठेकाकर्मी का पत्थर मारकर सिर फोड़ा

देर रात बिजली बंद से त्रस्त होकर एक युवक तिफरा बिजली आफिस आया और ठेकाकर्मी के साथ मारपीट कर पत्थर से हमलाकर सिर फोड़ दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, मंगला अभिषेक विहार निवासी मिथलेश वस्त्रकार पिता मथुरा प्रसाद वस्त्रकार तिफरा बिजली आफिस में ठेकेदार के अंदर में काम करता है। 25 मई की रात 3.15 बजे बिजली आफिस तिफरा के शिकायत शाखा में ड्यूटी कर रहा था। उसी समय तिफरा सांई विहार का बिजली बंद हो गया और कालोनी के बहुत सारे लोग बिजली बंद होने की शिकायत करने पहुंचे थे। तभी कुछ लोगों से उनकी चर्चा चल रही थी। उस दौरान एक्टीवा क्रमांक सीजी 10 बीपी, 5908 में एक युवक आया और बिजली बंद होने की बात को लेकर उनके साथ गाली गलौज करने लगा। उसके बाद उनका गला पकड़कर धक्का मारने लगा। उन्होंने अपना बचाव किया तो युवक एक्टीवा सहित गिर गया। आरोपी युवक ने आवेश में आकर पत्थर से हमला कर मिथलेश का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने कर्मी की रिपोर्ट पर एक्टीवा सवार युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**कोनी में निगम ने चलाया अभियान**



## 20 से अधिक गुमटियां पक्के निर्माण तोड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी क्षेत्र को एजुकेशन हब माना जाता है। अब यह क्षेत्र लेकिन असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है बिलासा ताल के थोड़ा आगे से लेकर, गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी, अटल यूनिवर्सिटी और इंजीनियरिंग कालेज के पास तक सड़क के दोनों तरफ ठेले और और गुमटी वालों का कब्जा हो गया है। इसकी आड़ में नशे का कारोबार भी चल रहा है। यहां बैठने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा क्षेत्र में पढ़ने वाले छात्रों से बदतमीजी करने के साथ ही छात्राओं से छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार करते हैं। इसकी शिकायत छात्रों ने नगर निगम और कोनी थाने में भी की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

- एजुकेशन हब कोनी क्षेत्र बनता जा रहा असामाजिक तत्वों का अड्डा

हालांकि मंगलवार को दिन भर निगम ने यहां कब्जा हटाओं अभियान चलाया। 20 से अधिक ठेले गुमटी हटाए गए तो कुछ पक्के निर्माण भी तोड़े गए।दुकानों के बाहर शेड लगाकर यातायात बाधित करने वालों पर भी कार्रवाई की गई। इस दौरान विवाद की स्थिति भी बनी।कब्जाधारियों ने कार्रवाई का विरोध भी किया। कोनी क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थाओं के मुख्य गेट और आसपास के क्षेत्र में ठेले, गुमटी और अवैध दुकानों का कब्जा एक बड़ी समस्या बना हुआ है। यह अतिक्रमण न केवल यातायात को बाधित करता है, बल्कि विश्वविद्यालय के मुख्य मार्ग की सुंदरता और सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। इन क्षेत्रों में नशाखोरी, संदिग्धों का जमावड़ा और चाकूबाजी/मारपीट जैसी घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं।

#### कई बार अभियान हर बार वहीं कब्जा

यहां पढ़ने वाले छात्रों ने बताया कि पूरे क्षेत्र में विश्वविद्यालयों के मुख्य गेट के पास सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में अस्थाई और अर्ध-स्थाई गुमटियां लगा ली गई हैं। इन ठेले-गुमटी वालों के कारण कोनी मुख्य मार्ग पर अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे छात्रों, फैकल्टी और आम नागरिकों को परेशानी होती है। ध्यान रहे कि नगर निगम ने पहले भी यूनिवर्सिटी के आसपास के इलाकों में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर गुमटी, ठेले और पोस्टर हटाए थे। निगम टीम के जाने के बाद लेकिन दोबारा कब्जा कर लिया जाता है।

## आटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक से मिलेगा लोगों को लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जल्द ही ड्राइविंग लाइसेंस कम्प्यूटराइड व सैमुलेटेड मशीनों के परीक्षण के आधार पर ही बनेंगें। रायपुर की तर्ज पर बिलासपुर में भी आटोमेटिक ड्राइविंट टेस्टिंग ट्रैक की शुरूआत होने वाली है। लगरा स्थित आरटीओ कार्यालय में निर्माण भी शुरू हो चुका है। 12 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जाधारियों को हटाकर निर्माण शुरू कराया गया है।

- 6 माह में पूरा होगा काम

सड़क पर दौड़ने वाले वाहन चालकों को पूरी तरह से प्रशिक्षित करने के लिए परिवहन विभाग ने बीड़ा उठाया है। अब ड्राइविंग लाइसेंस तब ही मिल सकेगा जब चालक कम्प्यूटराइड व सैमुलेटेड मशीनों से ड्राइविंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगें। आरटीओ अधिकारियों का कहना है कि अब मैनुअल तरीके से ड्राइविंग लाइसेंस बनना बंद किया जाएगा। दरअसल इसके लेकर आरटीओ कार्यालय में आटोमैटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक बनाया जा रहा है, 6 माह की अवधि में कंस्ट्रक्शन पूरा करने की उम्मीद है, वहीं इसके बाद अत्याधुनिक मशीनें लगाई जाएगी। खास बात यह है कि अब ड्राइविंग लाइसेंस महज औपचारिकता नहीं होगी, जिससे सड़क पर हादसे कम हो सकेंगे और सुरक्षित ड्राइविंग संभव होगी।



#### कम्प्यूटरकृत होगा काम

लाइसेंस बनाने के लिए कई बार दलालों के चक्कर में पड़ चालकों को जेब ढीली करनी पड़ती है, वहीं बिना प्रशिक्षण के ही ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाता है, लेकिन शासन ने अब रायपुर के बाद बिलासपुर में भी प्रशिक्षण के लिए कम्प्यूटराईड व सैमुलेटेड मशीनों लगाने की कवायद की है, यह पूरी तरह से कम्पयुटरकृत उपकरणों के सहारे ही चलाई जाएगी। जिससे प्रशिक्षित चालकों को ही लाइसेंस मिल सकेगा।

#### यह होगी व्यवस्था

ट्रैक बनाने के लिए आरसीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसमें ट्रैक के दोनों ओर सेंसर लगाए जाएंगे। वाहन चालक के हर मूवमेंट की खबर सेंसर को होगी। टेस्ट देने वाले की ड्राइविंग स्कील जैसे गाड़ी पर ब्रेक लगाना, स्पीड, संतुलन, लेन, सिग्नल जैसे सभी निर्देश का पालन सेंसर में दर्ज होगी। इसी के आधार पर ऑनलाइन रिपोर्ट जनरेट कर ड्राइविंट टेस्ट रिपोर्ट में पास व फेल का मार्क दर्शाया जाएगा।

#### रिवाइज स्टीमेट के कारण काम धीमा

आरटीओ आसीम माथूर ने बताया कि हाल ही में ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने फील्ड का मुआयना किया है, जिसके बाद कुछ बदलाव किए जा रहे है, इसलिए काम धीमा चल रहा है। निर्माण की नोडल एजेंसी हाउसिंग बोर्ड है, ट्रैक की ऊंचाई, और मशीनों के इंस्ट्रालेशन कक्ष में बदलाव किए गए है। जिसके चलते स्टीमेट बदला जा रहा है।

#### निर्माण कार्य जारी है

आटोमैटिक कम्यूटराईड ड्राइविंग टेस्ट टैक का निर्माण जारी है, रायपुर की कंपनी को काम दिया गया है, लेकिन निर्माण एजेंसी गृह निर्माण बोर्ड को बनाया गया है, 6 माह में बन कर ट्रक तैयार हो जाएगा।

-**असीम माथूर** आरटीओ, परिवहन विभाग

### झांसा देकर एक व्यक्ति से 60 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** नए मकान में होम इंटीरियर का काम कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 60 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस ने दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि तिफरा बाबजी नगर निवासी रिषभ बजाज (28 साल) हाईकोर्ट के पास नया मकान बनवा रहे हैं। उनके नए मकान में होम इंटीरियर का काम कराने के लिए पश्चिम बंगाल निवासी राजेश मेहरा, उसकी पत्नी कालू मेहरा ने तेलीपारा स्थित राहुल छाबड़ा के दुकान में मुलाकात की। उनके बीच होम इंटीरियर काम करने का सौदा तय हो गया। दंपती ने उनसे होम इंटीरियर का सामान खरीदने के लिए अलग अलग किस्तों में आनलाइन के माध्यम से 60 लाख रुपए ले लिया। उसके बाद कुछ समय तक दंपती के द्वारा अपने कारीगारों से उनके नए मकान में काम कराया गया। उसके बाद काम अधूरा छोड़कर दंपती व कारीगर भाग गए। दोनों का मोबाइल लगातार बंद मिल रहा है। पुलिस ने श्री बजाज की रिपोर्ट पर दंपती के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### हत्याः फरार पत्नी का प्रेमी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** झारखंड के व्यक्ति की गला दबाने के बाद चाकू से गला रेतकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया है।



ज्ञात हो कि 24 मई को झारखंड सिमडेगा निवासी विनोद लिमगा की सिरगिट्टी रेलवे ट्रैक किनारे सड़ी गली लाश मिली थी। उसकी पत्नी ने पुलिस को बताया था कि वह अपने पति विनोद को लेकर शहर आई थी। यहां उसके प्रेमी झारखंड निवासी सुगड़ तोपड़ो व दो अन्य साथियों के साथ विवाद हुआ और उसके बाद गला दबा दिया गया। साथ ही चाकू से गला रेतकर हत्या करना स्वीकार की थी। पुलिस ने आरोपी पत्नी पूनम लिमगा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अन्य आरोपियों को पकड़ने पुलिस टीम झारखंड गई थी। पुलिस टीम ने फरार आरोपी सुगड़ तोपड़ो को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## रेलवे एप्लीकेशन में ट्रेन राइट टाइम और पटरी पर घंटों लेट

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवन सहित दूसरे एप्लीकेशन तो दिए हैं, लेकिन इस एप्लीकेशन में ट्रेन समय पर चलती है और वही ट्रेन पटरी पर चलते हुए घंटों विलंब से संबंधित स्टेशन तक पहुंच रही है। इसकी जानकारी होने के बाद भी किसी भी रेल अफसरों का समय पर यात्री ट्रेनों को चलाने और यात्रियों की असुविधा पर कोई भी ध्यान नहीं जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन रायपुर, बिलासपुर और नागपुर और अन्य स्टेशनों में सफर करने वाले यात्रियों की स्थिति को रेल प्रशासन ने पिछले पांच साल से खराब कर रखा हुआ है। पांच साल के अंदर अधोसंरचना सहित अन्य कार्यो के लिए कभी रेलवे ट्रेनों को अचानक रद्द कर देती है या फिर उसे परिवर्तित मार्ग से ले जाती है। बिलासपुर जोन में केवल मालगाड़ियों कें अलावा कोई भी यात्री ट्रेन समय पर स्टेशन के प्लेटफार्म तक नहीं पहुंच पा रही है। इसके कारण प्रतिदिन और साप्ताहिक चलने वाली ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्री परेशान हो रहे हैं। रेलवे ने यात्रियों को घर बैठे यूटीएस और पीआरएस के साथ ट्रेनों के आवागमन की जानकारी के लिए रेलवन, माय ट्रेन, आईआरसीटीसी के एप्लीकेशन सहित अन्य एप की सुविधा देकर रखी हुई है, ताकि यात्रियों को स्टेशन तक आने की आवश्यकता न पड़े। यह सुविधा के स्मार्ट मोबाइल पर ही मिल रही है, जिसमें सबसे अधिक परेशान ग्रामीणों को होना पड़ रहा है। कई बार रेलवे के दिए गए एप्लीकेशन में यात्री ट्रेन स्टेशन तक पहुंचा दी जाती है। ट्रेन के घंटो लेट की जानकारी यात्रियों को मिलती है।

#### एक्शन लेना चाहिए

आल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन के चेयरमैन ललित अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री के डिजिटल भारत अभियान और अविवेकपूर्ण निर्णय लेकर न केवल ट्रेन को एक घंटे से ज्यादा अनावश्यक रोका गया। वहीं रेल सेवा को बदनाम करने अपितु सैकड़ों लोगों के अमूल्य समय को बरबाद किया गया है। इस कार्य को करने वाले कंट्रोलर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के महाप्रबंधक को एक्शन लेना चाहिए।

